वन्दे वीरम्

# प्राकृत व्याकरण

## (संस्कृत-हिन्दी-टीकाद्वय से युक्त)

द्वितीय खण्ड

व्याख्याकार

जैनधर्म-दिवाकर, आचार्यसम्राट्

**वन्दनीय पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज**

के सुशिष्य

जैनभूषण श्रद्धेय

**पण्डितरत्न श्री ज्ञानमुनि जी महाराज**

प्रकाशक :

**आचार्य श्री आत्माराम जैन माडल स्कूल**

कमला नगर 29-D, दिल्ली–7

भगवान् महावीर की २५ वीं निर्वाण-शताब्दी के उपलक्ष्य में प्रकाशित

आचार्य श्री हेमचन्द्र द्वारा प्रणीत

# प्राकृत-व्याकरण

## संस्कृत-हिन्दी-टीका-द्वय से युक्त

(द्वितीय खण्ड)

टीकाकार—

जैनधर्म-दिवाकर, साहित्य-रत्न, जैनागम-रत्नाकर

आचार्य-सम्राट् परमश्रद्धेय

पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज

के सुशिष्य

जैन-भूषण, पंजाब-केसरी, व्याख्यान-दिवाकर

पण्डित-रत्न श्री ज्ञानमुनि जी महाराज

प्रकाशक

आचार्य श्री आत्माराम जैन मॉडल स्कूल

२९—डी, कमला नगर,

देहली—७

**प्रकाशक—**

अहिंसा, सत्य के अमर सन्देशवाहक **श्रमण भगवान महावीर** की पच्चीसवीं निर्वाण शताब्दी के उपलक्ष्य में **आचार्य श्री आत्माराम जैन** मॉडल स्कूल, कमलानगर, २९-डी, दिल्ली-७ द्वारा प्रकाशित

**विषय—**

प्राकृत-व्याकरण, संस्कृत और हिन्दी टीका-द्वय से युक्त (दूसरा खण्ड)

**जिनके कृपा-सान्निध्य से—**

श्री वर्धमान-स्थानकवासी जैन श्रमण संघ के मान्य प्रधानाचार्य जैनधर्म-दिवाकर, जैनागम-रत्नाकर, **आचार्यप्रवर गुरुदेव पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज**

**व्याख्याकार—**

श्रद्धा के केन्द्र, पूज्यपाद वन्दनीय जैनधर्मदिवाकर आचार्य-सम्राट् **पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज** के सुशिष्य जैनभूषण, पण्डित-रत्न श्रद्धेय **श्री ज्ञानमुनि जी महाराज**

**प्रकाशन-संस्थान—**

**आचार्य श्री आत्माराम जैन मॉडल स्कूल**, कमला नगर, २९-डी, दिल्ली-७

**मुद्रक—**

**श्री सुखदेवराज जी जैन** मोहरों वाले, अम्बाला शहर के माध्यम से दि गिरि प्रिण्टर्ज़, रेलवे रोड, अम्बाला शहर

**प्राप्तिस्थान—**

१. आचार्य श्री आत्माराम जैन मॉडल स्कूल, २९-डी, कमलानगर, दिल्ली-७
२. आचार्य श्री आत्माराम जैन प्रकाशन समिति, जैन स्थानक, लुधियाना
३. मेहर चन्द्र लक्ष्मण दास, पुस्तक विक्रेता, दरिया गञ्ज, १ अन्सारी रोड, दिल्ली-६
४. मोती लाल बनारसी दास, पुस्तक विक्रेता, बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली-७

**प्रकाशनकाल—**

वीर सम्वत् २५०२
विक्रम सम्वत् २०३४
ईस्वीसन् १९७८
आत्म सम्वत् १६

**मूल्य**—२५ रुपए

## व्याख्याकार के पूज्य गुरुदेव



जैनधर्मदिवाकर, साहित्यरत्न, जैनागमरत्नाकर, आचार्य-सम्राट् महामहिम वन्दनीय
परमश्रद्धेय पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज

## किस को ?

जिनकी विलक्षण अध्यात्म साधना
तथा आदर्श ज्ञानाराधना
के अनुपम प्रकाश एवं पावन प्रेरणा को पाकर
मैं
इन पंक्तियों को लिखने की क्षमता
अधिगत कर सका हूँ
उन्हीं
जैन संस्कृति के समुज्ज्वल एवं
अमर प्रतीक
जैनधर्मदिवाकर, साहित्यरत्न, जैनागमरत्नाकर
श्री वर्धमान स्थानक-वासी जैन श्रमणसंघ के
आचार्यसम्राट् वन्दनीय गुरुदेव

**पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज**

के पावन स्मृति-चरणों में
सादर सभक्ति सविनय
समर्पित

—ज्ञानमुनि

विक्रम सम्वत् २०३४
माघशुक्ला पञ्चमी
जैन स्थानक, राजपुरा
२४-१-१९७८ (पंजाब)

# लेखक की रचनाएं

१. श्री विपाक सूत्र (हिन्दी-भाषा-टीका-सहित)
२. श्री अन्तगड़ सूत्र (जैन-धर्म-दिवाकर, आचार्य-सम्राट् पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज द्वारा कृत अनुवाद का सम्पादन)
३. श्री अनुयोग द्वार सूत्र (हिन्दी-भाषा-टीका-सहित) [प्रथम भाग]
४. श्री अनुयोग द्वार सूत्र (हिन्दी-भाषा-टीका-सहित) [द्वितीय भाग]
५. प्रश्नों के उत्तर (प्रथम खण्ड)
६. प्रश्नों के उत्तर (द्वितीय खण्ड)
७. भगवान महावीर के पांच सिद्धान्त ।
८. सामायिक सूत्र (हिन्दी-भाषा-टीका-सहित)
९. स्थानकवासी और तेरह पन्थ ।
१० दीपक के अमर सन्देश ।
११. सम्वत्सरी पर्व क्यों और कैसे ?
१२. जीवन-झांकी (गणी श्री उदय चन्द्र जी महाराज)
१३. आचार्य-सम्राट् (जीवनी, आचार्य-सम्राट् पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज)
१४. ऋषिवर आनन्द (जीवनी, आचार्य-सम्राट् पूज्य श्री आनन्दऋषि जी महाराज)
१५. सरलता के महास्रोत (जीवनी, तपस्वी श्री फकीर चन्द्र जी महाराज)
१६. भगवान महावीर और विश्व-शांति (हिन्दी, उर्दू, पंजाबी तथा अंग्रेज़ी)
१७. ज्ञान-सरोवर (भजन-संग्रह)
१८. सामायिक सूत्र (उर्दू, भावार्थ सहित)
१९. प्राकृत-व्याकरण (संस्कृत-हिन्दी-टीका-द्वयोपेत) [दो खण्ड]
२०. ज्ञान का अमृत (आठ कर्मों का विवेचन, उर्दू)
२१. सच्चा साधुत्व (साधु-धर्म का परिचय)
२२. ज्ञान का अमृत (हिन्दी)
२३. महासती चन्दनबाला (महाकाव्य)
२४. ज्ञान-भरे दोहे (दोहा संग्रह)
२५. साधना के अमर प्रतीक (जीवनी, श्री स्वामी छगन लाल जी महाराज)
२६. महासती श्री चन्दनबाला (दोहों में)

—: प्राप्ति-स्थान :—

**१. आचार्य श्री आत्माराम जैन प्रकाशन समिति, जैन स्थानक, लुधियाना (पंजाब)**
**२. आचार्य श्री आत्माराम जैन मॉडल स्कूल, २६-डी, कमला नगर, देहली-७**

पूज्य मुनिराजों तथा विद्वानों की दृष्टि में :—

# प्राकृत-व्याकरण [प्रथम खण्ड]

१. प्रस्तुत पुस्तक प्राकृतव्याकरण की एक महत्त्वपूर्ण टीका है, मुनि श्री ने व्याकरण जैसे शुष्क, गंभीर एवं दुरूह विषय को इतना सरल, सुबोध बनाया है, इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

आचार्य श्री हेमचन्द्र द्वारा विरचित "**सिद्ध-हैमशब्दानुशासनम्**" का आठवाँ अध्याय प्राकृत-व्याकरण है। इस व्याकरण पर संस्कृत और हिन्दी भाषा में अनेक टीकाएं लिखी जा चुकी हैं। यह टीका उन सभी टीकाओं में अपना विशिष्ट स्थान रखती है, क्योंकि इस में शब्द-साधनिका सरल ढंग से विस्तार के साथ प्रस्तुत हुई है, जो कि प्राकृतभाषा के विद्यार्थियों के लिए सहायक एवं पथप्रदर्शक के रूप में सिद्ध होगी।

प्रसिद्धवक्ता पण्डितरत्न श्री ज्ञानमुनि जी महाराज ने परिश्रम करके प्राकृत भाषा के भण्डार को समृद्ध किया है, जिस से प्राकृत-साहित्य-जगत की बहुत बड़ी कमी की पूर्ति हुई है। इसी तरह मुनि श्री जी साहित्य जगत में अपनी प्रतिभा एवं साधना को साकार करते रहेंगे। इसी सद्भावना एवं आशीर्वाद के साथ।

आचार्यसम्राट् परमश्रद्धेय,
**पूज्य श्री आनन्द ऋषि जी महाराज,**
**घोड़नदी** (महाराष्ट्र)

२. प्रस्तुत व्याकरण के आरम्भ में—'**सागर है यह ज्ञान का**' शीर्षक वाली कविता बहुत ही सुन्दर, उपयुक्त एवं प्राकृतभाषा के गौरव को प्रकट करने वाली है। आपने प्राकृतव्याकरण पर संस्कृत तथा हिन्दी में टीका रचकर जन-साधारण पर जो उपकार किया है, वह चिरस्मरणीय एवं स्थायी सिद्ध होगा, यह निर्विवाद है। इस महान् परिश्रम के लिए आपको कोटिशः धन्यवाद।

संस्कृत-प्राकृत-विशारद पण्डित,
**श्री हेमचन्द्र जी महाराज**, लुधियाना।

३. प्राकृत हो, संस्कृत हो, अपभ्रंश हो, कोई भी भाषा हो जब तक वह जन बोली के रूप में रहती है, तब तक नदी की धारा की तरह बन्धन-मुक्त रहती है, जिधर धारा वह निकलती है व्याकरण के नियमों में आबद्ध नहीं होती, इसी भाव को सन्त कबीर ने अपने शब्दों में अभिव्यक्ति दी थी कि—"**संस्किरत है कूप जल, भाखा बहता नीर**" परन्तु ज्योंही कोई बोली साहित्यिक भाषा का रूप लेती है तो वह धीरे-धीरे व्याकरण के नियमों में आबद्ध होती जाती है। फलतः उन्मुक्त गति से बहता नीर कूप-जल हो जाता है। प्राकृत भाषा मूलतः मानव की सहज प्राकृत बोली रही है*।

*'व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचनव्यापारः प्रकृतिः। तत्र भवं सैव वा प्राकृतम्'—रुद्रटकत-काव्यालंकार-टीकायां श्री नमिसाधुः।

अतः वह शतद्रु की तरह शत-शत धाराओं में प्रवहमान होती रही है। इसलिये उसमें शब्द-रूपों की इतनी विशृंखलता है कि पाठक का कभी-कभी सिर चकरा जाता है। यह स्थिति उसकी साहित्यिक धरातल पर आने के पूर्व की स्थिति है। परन्तु ज्योंही उसने साहित्यिक रूप लेना शुरू किया, तो वह व्याकरण की सीमा में प्रतिबद्ध होने लगी। कोई भी साहित्यिक भाषा अपनी शुद्धता के लिये व्याकरण से अनपेक्षित नहीं रह सकती। अतः प्राकृत के व्याकरणों की भी अनेक रचनाएं यथा-समय होने लगीं।

प्राकृत भाषा के अनेक व्याकरण आज उपलब्ध हैं, जिनमें चण्ड, वररुचि, त्रिविक्रम देव, लक्ष्मीधर, शुभचन्द्र, मार्कण्डेय एवं आचार्यहेमचन्द्र आदि के व्याकरण काफी ख्याति-प्राप्त हैं। पक्षपात का प्रश्न नहीं है। यह एक यथार्थ सत्य है कि सभी प्राकृत व्याकरणों में हेमचन्द्राचार्य का प्राकृत व्याकरण गुणवत्ता की दृष्टि से अपनी एक विशिष्ट महत्ता रखता है। तुलनात्मक समालोचना का यह प्रसंग नहीं है। फिर भी संक्षेप में इतना कथ्य अवश्य है कि प्रस्तुत व्याकरण में आर्ष प्राकृत से लेकर शौरसैनी, मागधी, पैशाची एवं अपभ्रंश तक की विभिन्न प्राकृत धाराओं के लक्षणों का यथोचित सन्निवेश है। यह एक ही व्याकरण प्राकृत की अनेक शाखाओं के व्यापक अध्ययन के लिये पर्याप्त है। यही कारण है कि प्रस्तुत व्याकरण प्राकृत के अनेक पाठ्य क्रमों में स्थान प्राप्त कर चुका है और भविष्य में प्राप्त करता जा रहा है।

आचार्य हेमचन्द्र विश्वतोमुखी पाण्डित्य की दृष्टि से वस्तुतः अपने "**कलिकाल सर्वज्ञ**" विरुद के अनुरूप हैं। काव्य, चरित्र, कोष, छन्द, अलंकार एवं व्याकरण आदि अनेक साहित्यिक विधाओं में उनके अप्रतिम पाण्डित्य का दर्शन होता है। विशेषतः व्याकरण-शास्त्र के तो वे दूसरे पाणिनि हैं। '**सिद्धहैमशब्दानुशासन**' नामक व्याकरणग्रन्थ उनका सर्वांगीण समर्थ व्याकरण है। पूर्व के सात अध्याय संस्कृत से सम्बन्धित हैं, और अंतिम आठवां अध्याय प्राकृत से। यह आठवां अध्याय प्राकृत-व्याकरण के नाम से विद्वज्जगत में एक स्वतन्त्र ग्रन्थ का रूप ले चुका है।

प्रस्तुत प्राकृत व्याकरण के लिये चिरकाल से एक विशद सुबोध एवं प्रामाणिक व्याख्या की अपेक्षा थी। इस दिशा में कुछ प्रयत्न हो भी चुके हैं। परन्तु महामहिम श्रद्धेय श्रुतदेवतावतार आचार्यदेव **पूज्य श्री आत्मा राम जी महाराज** के प्रिय शिष्य पण्डित श्री ज्ञानमुनि जी ने जो प्रयत्न किया है, वह वस्तुतः एक विलक्षण प्रयत्न है। मुनि श्री ने संस्कृत में 'बालमनोरमा" टीका की रचना की है। जिसमें विस्तार के साथ मूल सूत्रों एवं उनकी स्वयं आचार्यकृत वृत्ति का मर्मोद्घाटन किया है। साथ ही उदाहरण स्वरूप दिये गये शब्द-रूपों एवं धातु-रूपों की साधनिका भी प्रस्तुत की गई है। जो व्याकरण के अध्येताओं के लिये अतीव उपयोगी प्रमाणित होगी। संस्कृत टीका की भाषा सरल है, स्पष्ट है, सुबोध है। साथ ही हिन्दी टीका लिखकर तो "**स्वर्णे सुगन्धः**" की सदुक्ति को चरितार्थ कर दिखाया है। अन्त में परिशिष्ट के रूप में विस्तृत शब्दसूची है, संस्कृत पर्यायान्तर के साथ। यह शब्दसूची विद्वान तथा छात्र दोनों के लिये अतीव लाभप्रद है। सब मिलाकर प्रस्तुत संस्करण अपना अलग ही एक आकर्षक रूप उपस्थित करता है।

श्री ज्ञानमुनि जी शतशः धन्यवादार्ह हैं। कितना श्रम, समय, शक्ति एवं सरस्वती का उपयोग किया है उन्होंने प्रस्तुत सम्पादन में। प्राकृत भाषा के अध्यापक और अध्येता एतदर्थ

चिरऋणी रहेंगे मुनि श्री जी के। मैं हृदय से चाहूंगा यह सट्टीका-संस्करण अधिकाधिक प्रसार एवं प्रचार पाये ताकि प्राकृत के अध्ययन का मार्ग प्रशस्त हो।

श्रावणपूर्णिमा १९७५

राष्ट्रसन्त उपाध्याय,
**श्री अमरमुनि जी महाराज,**
**वीरायतन राजगृह** (विहार)

४. श्रुतज्ञान शब्द और अर्थ दोनों पर निर्भर है। लिखने पढ़ने और बोलने में शब्द की प्रधानता होती है, अर्थ की नहीं। वर्णात्मक शब्द को ही भाषा कहते हैं। शुद्ध भाषा से अर्थ का निर्णय होता है, अर्थ-निर्णय से सम्यग्-ज्ञान, सम्यग्-ज्ञान से दर्शन और चारित्र की शुद्धि होती है। तीनों की शुद्धि से परमपद की प्राप्ति निश्चित है। भाषाशुद्धि व्याकरण से होती है। व्याकरण का अर्थ है—जिन नियमों एवं उपनियमों के विधि-विधान से भाषा की शुद्धि हो, निर्दोषता हो। आचार्य हेमचन्द्र ने सिद्ध-हैम व्याकरण की रचना की है। उस व्याकरण की पूर्ति आठ अध्यायों में की है। प्रत्येक अध्याय में चार-चार पाद हैं। बत्तीस पादों में से अठाईस पादों में संस्कृत व्याकरण के सभी नियम बतलाए गए हैं। पाणिनि व्याकरण को वार्त्तिका इष्टि आदि से पूर्ण किया गया, जब कि आचार्य हेमचन्द्र ने व्याकरण के किसी भी नियम को अधूरा नहीं रहने दिया। आठवें अध्याय में प्राकृतभाषा के नियम बतलाए हैं। संस्कृत व्याकरण के जो नियम हैं, उनमें से बहुत से नियम प्राकृत-भाषा में भी लागू होते हैं और कुछ एक नियम भिन्न भी हैं। लिङ्गानुशासन में जो शब्द पुंलिग में हैं या स्त्रीलिङ्ग में हैं उन्हें प्राकृतभाषा में भी उसी प्रकार समझ लेना होता है। किन्तु जो शब्द नपुंसकलिङ्गी हैं उनमें कुछ ऐसे शब्द भी हैं जो पुंलिग में भी प्रयुक्त किए जा सकते हैं।

**प्राकृतभाषा—**

इस आर्यावर्त्त में जो भाषा आर्य लोगों को बोलचाल में आने वाली थी, जिस भाषा में भगवान महावीर ने अपने पवित्र सिद्धान्तों का उपदेश दिया था, जिस भाषा में श्रेष्ठकाव्य निर्माण द्वारा प्रवरसेन आदि महाकवियों ने अपनी अनुपम एवं दिव्य प्रतिभा का परिचय दिया है, जिस भाषा से भारतवर्ष की विद्यमान समस्त आर्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई उन सब भाषाओं का साधारण नाम है—प्राकृत। सब भाषाओं का मूलस्रोत प्राकृतभाषा है। जो कि समय और स्थान की भिन्नता के कारण प्राकृत के ही विभिन्न रूप हैं। जैसे कि अर्धमागधी, शौरसेनी, पैशाची, महाराष्ट्री-प्राकृत, अपभ्रंशप्राकृत, पाली, आर्षप्राकृत, प्राथमिकप्राकृत, हिन्दीप्राकृत आदि। इन में जो प्राथमिक-प्राकृत है वह येनकेन प्रकारेण सब भाषाओं में व्यापक है। प्राकृतभाषा संस्कृत सापेक्ष तो है ही, देश्य भी है। आचार्य हेम चन्द्र ने प्राकृतभाषा को तीन भागों में विभक्त किया है। जैसे—तत्सम, तद्भव और देश्य-देशी। जो शब्द संस्कृत और प्राकृत दोनों में बिल्कुल एक समान होते हैं वे तत्सम कहलाते हैं। जैसे कि खल, हल, बल, फल, धवल, आगम, अंजलि-गण आदि शब्द संस्कृत सम माने जाते हैं। जो शब्द संस्कृत से वर्ण-परिवर्तन,वर्णागम, वर्णलोप आदि द्वारा उत्पन्न हुए हैं वे तद्भव कहलाते हैं। जैसे कि धर्म-धम्म, ध्यान-झाण, भार्या-भारिआ, नाथ-नाह, हृदय-हिअअ, मेघ-मेह, भवति-हवइ,भविष्यति-होहिइ इत्यादि। जिन शब्दों की समानता संस्कृत के साथ बिल्कुल भी नहीं है, उन प्राकृत शब्दों को देश्य-देशी कहते हैं। जैसे कि चुक्कइ (पश्यति), देक्खइ (पश्यति), डाल (शाखा), झडप्प (शीघ्र),

जढ (त्यक्त), बोंदी (शरीर), थमिग्र (विस्मृत) इत्यादि। आचार्य हेमचन्द्र ने स्वप्रणीत प्राकृत व्याकरण में तत्सम और तद्भव शब्दों का ही प्रयोग किया है। यद्यपि देश्य शब्दों के रूप भी दिए हैं तथापि उन का विवरण एवं रूपसिद्धि का उल्लेख नहीं जैसा ही है। देशीनाम-माला कोष में बने बनाए शब्द मिलते हैं। यद्यपि प्राकृतव्याकरण अनेकों हो उपलब्ध हैं। जैसे कि वररूचि का प्राकृत-प्रकाश, त्रिविक्रमदेव की ससूत्रा प्राकृतव्याकरणवृत्ति, मार्कण्डेय का प्राकृत सर्वस्व, चण्ड का प्राकृत-लक्षण, क्रमदीश्वर का संक्षिप्तसार, सिद्धराज का प्राकृतरूपावतार, लक्ष्मीधर की षड्भाषा-चन्द्रिका, रामतर्कवागीश का प्राकृत कल्पतरु है। तथापि आजतक के प्रकाशित सभी प्राकृत व्याकरणों से सर्वोत्तम और महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हेमचन्द्र का प्राकृतव्याकरण है। सुबोध व्याकरण यदि कोई है तो वह सिद्ध-हैमशब्दानुशासन ही है। इस पर स्वोपज्ञ लघुवृत्ति और वृहद् वृत्ति भी उपलब्ध है।

आठवें अध्याय के पहले पाद में क्रमशः 'अ' से लेकर 'ह' तक संस्कृत से प्राकृत शब्द बनाने की सभी विधियां बतलाई गई हैं। संधि, लिङ्ग-परिवर्तन आदि का विवरण है। द्वितीय पाद में आगम, आदेश एवं शेष विधि का ज्ञान कराया गया है। तृतीयपाद में प्राकृत भाषा के अन्तर्गत सुबन्त-विभक्ति, तिङन्तविभक्ति और कारक आदि विषयों को स्पष्ट किया गया है। चतुर्थपाद में शौरसेनी, अर्ध-मागधी, पैशाची और अपभ्रंश इन चार भाषाओं के विशेष नियमों के संदर्भ में निर्देश किया गया है। प्राकृत भाषा में समराइच्चकहा, सुरसुंदरीचरियं आदि ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं। शौरसेनी भाषा में षट्खण्डागम, समयसार, प्रवचनसार, नियमसार आदि अनेक ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं। दिगम्बर जैन साहित्य प्रायः शौरसेनी भाषा में प्राप्त होते हैं। महाराष्ट्री प्राकृत भाषा में लीलावई पद्यात्मक ग्रन्थ भी उपलब्ध है। अर्धमागधी भाषा में पैंतालीस आगमशास्त्र निबद्ध हैं। गणधरों ने अर्धमागधी भाषा को ही सर्वोत्तम समझकर आगमशास्त्रों का प्रणयन किया है। शतावधानी श्री रत्नचन्द्र जी ने भी अर्ध-मागधीभाषा के सर्वाङ्गपूर्ण व्याकरण की रचना की है। इस भाषा को ऋषिभाषिता भी कहते हैं और आर्ष भी। ऋषियों के वचन-प्रवचन जिस भाषा में संकलित किये गये हैं वह आर्ष मानी जाती है। आचार्य स्वयंभू ने राम-चरित्र अपभ्रंश भाषा में लिखा है, उसका नाम "पउमचरिउ" है।

पैशाची भाषा में व्यंजन अधिकांश वैसे ही बने रहते हैं। 'ण' बदलकर 'न' हो जाता है। प्रायः वर्ग के मध्यम वर्ण प्रथम वर्ण के रूप में बदल जाते हैं। जैसे—राजा का राचा, नगर का नकर, प्रदेश का पतेश, देव का तेव। पिशाचों की भाषा को पैशाची भाषा बोलते हैं। अफगानिस्तान में यह भाषा बहुतायत से मिलती-जुलती है। किन्नौर प्रदेश में भी इस भाषा से मिलती-जुलती भाषा बोली जाती है।

यह बड़े हर्ष की बात है कि प्राकृतभाषा के छात्र जिस सुबोध व्याकरण की चिरकाल से प्रतीक्षा में थे, आज वह उनके कर कमलों को अलंकृत कर रहा है। आचार्य हेमचन्द्रकृत प्राकृत व्याकरण पर संस्कृत भाषा में सरल एवं सुबोध बृहद् वृत्ति है और साथ ही जिस-जिस सूत्र से जो-जो कार्य होता है उस-उस सूत्र का संकेत करके रूपसिद्धि भी की हुई है। इतना ही नहीं, सूत्र और मूलवृत्ति का हिन्दी अनुवाद भी किया हुआ है, तथा साथ ही जिस रूप की सिद्धि की गई है उस का अर्थ भी हिन्दी भाषा में निर्दिष्ट है। इस के दो भाग हैं। पहला और दूसरा। पहले भाग में तीन पाद और दूसरे भाग में केवल चौथा पाद है। दोनों भागों में प्राकृत व्याकरण की इति श्री हो जाती है। यह व्याकरण

विद्यार्थियों के लिए तथा भाषा-शास्त्रियों के लिए अत्युपयोगी है। इस के रचयिता जैन-भूषण साहित्यकार **पण्डित-रत्न श्री ज्ञान मुनि जी** हैं। पुस्तक का प्रकाशन, कागज, छपाई सब तरह सुन्दर है। युगानुकूल मूल्य भी कोई अधिक नहीं है। पुस्तक पठनीय, रमणीय एवं संग्रहणीय है। इसमें एक उल्लेखनीय विशेषता यह भी है कि शब्द-शास्त्र में जिन शब्दों की रूप-सिद्धि की गई है, उन प्राकृत-शब्दों की अकार आदि अनुक्रमणिका भी अंत में पृष्ठाङ्क सहित जोड़ दी है। इस प्रक्रिया ने विषय को और भी सुबोध बना दिया है।

पंजाब-प्रान्तीय उपाध्याय
प्रवर्तक **पण्डित-रत्न श्री फूलचन्द्र जी महाराज** "श्रमण"

५. **"प्राकृत-व्याकरणम्"**

[ १ ]

**"प्राकृत-व्याकरणम्"** यह अद्‌भुत, सभी तरह से पाई,
व्याख्या है पांडित्य-पूर्ण तो, सुन्दर बड़ी छपाई।

[ २ ]

अखिल विश्व में प्राकृत भी है, जानी-मानी भाषा,
पढ़े इसे प्राकृत पढ़ने को, जिसको हो अभिलाषा।

[ ३ ]

जिनको है **"पंजाब-केसरी"**, कहता यह संसार,
पण्डित **ज्ञान मुनीश्वर** इसके, सुलझे व्याख्याकार।

[ ४ ]

कर सकता है कोई ही श्रम, **"चन्दन"** इतना भारी।
लेखक मुनि हैं सभी तरह से, साधुवाद अधिकारी।

कविरत्न, प्रख्यातसन्त,
श्रद्धेय **श्री चन्दनमुनि जी महाराज।**

६. **"प्राकृत-व्याकरण"** नामक पुस्तक देखने को मिली, यह ग्रंथ मौलिक ग्रंथ है। जैन-भूषण पंजाब-केसरी **श्री ज्ञान मुनि जी** द्वारा सम्पादित एवं अनुवादित है। प्राकृतभाषा का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह एक बहुत उपयोगी ग्रंथ है। इस ग्रंथ की भाषा बड़ी सरल तथा साहित्यिक भी है। मान्य **श्री ज्ञान मुनि जी** का श्रम इसमें पूर्ण-रूपेण निखरा हुआ है। मान्य **श्री ज्ञान मुनि जी** सुलझे हुए विचारों के धनी एवं जैन-शास्त्रों के ज्ञाता भी हैं। वास्तव में जैसा नाम है—वैसा ही गुण है। इस ग्रन्थ में आपके ज्ञान की गंगा का प्रवाह पूर्ण-रूपेण प्रवाहित हुआ है। आप उदीयमान

संत हैं। आपने जैन समाज को बहुत बड़ा साहित्य प्रदान किया है। आप अपने साहित्यिक क्षेत्र में निरंतर बढ़ते रहें, यही शुभ कामना है।

तरुणतपस्वी प्रखरवक्ता,
**श्री स्वामी लाभ चन्द्र जी महाराज।**

७. जैन-साहित्य का अधिकतर निर्माण प्राकृत भाषा में हुआ है, परन्तु हिन्दी भाषा में व्याख्या-सहित अभी तक कोई अच्छा प्राकृत व्याकरण प्रकाशित नहीं हुआ था। आचार्य हेमचन्द्र जी ने अपने सिद्ध-हैमशब्दानुशासन के आठवें अध्याय के रूप में प्राकृत भाषा का व्याकरण प्रस्तुत किया था, वह भी सर्वसाधारण के लिये बोधगम्य न था, अतः प्राकृत व्याकरण का जैन साहित्य के क्षेत्र में नितान्त अभाव सा प्रतीत हो रहा था, इस अभाव को पूर्ण किया है—प्रातः-स्मरणीय श्रद्धेय **आचार्य श्री आत्माराम जी महाराज के शिष्य-रत्न पण्डित-प्रवर श्री ज्ञान मुनि जी महाराज** ने संस्कृत एवं हिन्दी-टीका-सहित इस ग्रन्थ को प्रस्तुत करके। लगभग ४२० पृष्ठ के इस महान् ग्रन्थ के द्वारा सामान्य-बुद्धि व्यक्ति भी प्राकृत-भाषा का पूर्णज्ञान प्राप्त कर सकता है। ग्रन्थ के अन्त में दी गई शब्दसूची द्रष्टव्य शब्द को देखने में अत्यन्त सुविधा प्रदान करती है। "**प्राकृत-व्याकरणम्**" पठनीय एवं संग्रहणीय महान् ग्रन्थ है।

**श्री तिलक धर जी शास्त्री,**
सम्पादक—
आत्मरश्मि, जुलाई १९७५, लुधियाना।

८. ग्रियर्सन जेकोबी आदि पाश्चात्य विद्वानों की तथा अनेक भारतीय विद्वानों की यह धारणा है कि संस्कृत भाषा से भी प्राकृत भाषा अधिक सरल, अधिक लचीली, श्रुति-मधुर और सीखने में सुविधाजनक है। संस्कृत का विद्यार्थी तो बहुत ही आसानी से सीख ही सकता है, किन्तु जो संस्कृत का अभ्यासी नहीं हैं, वह भी प्राकृत भाषा को संस्कृत की अपेक्षा शीघ्र ग्रहण कर सकता है। प्रश्न होता है कि फिर क्या कारण है कि संस्कृत का जितना प्रचार-प्रसार है, उसे देखते हुए प्राकृत का प्रचार बहुत ही कम है। जबकि प्राकृत, अपभ्रंश और पालि भाषाओं का साहित्य कम नहीं है। इसके अनेक कारणों में एक मुख्य कारण यह भी है कि प्राकृत भाषा के व्याकरण बहुत कम सुलभ हैं। चण्डकृत **प्राकृत लक्षण,** वररुचि कृत **प्राकृत-प्रकाश** दो प्राचीन प्राकृत व्याकरण काफी महत्त्वपूर्ण हैं, किन्तु आचार्य हेमचन्द्र कृत **सिद्ध-हैम-शब्दानुशासन** व्याकरण का **आठवां अध्याय** जो प्राकृत व्याकरण के नाम से प्रसिद्ध है, वह सर्वाधिक समृद्ध, सरल और बोधगम्य व्याकरण है। प्राकृत के अधिकांश अभ्यासी इसी का अध्ययन करते हैं। यह व्याकरण संस्कृत माध्यम से प्राकृत का ज्ञान कराता है। यद्यपि इसमें उदाहरण आदि बड़े ही बोधगम्य है, सूत्र भी छोटे और उच्चारण सुखदहै।

प्राकृत-व्याकरण का अध्ययन अब तक संस्कृत के माध्यम से ही किया जाता था। इसलिए बिना संस्कृत के प्राकृत का ज्ञान दुर्लभ था। इधर में कुछ प्राकृत-भाषा-विद्वानों ने ऐसा प्रयत्न किया है कि विद्यार्थी अपनी मातृ-भाषा के माध्यम से या हिन्दी के माध्यम से सीधा प्राकृत का ज्ञान प्राप्त कर सकें—प्राकृत प्रचार के लिए यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण बात भी है। इस दिशा में **पं० रत्न श्री ज्ञान**

**मुनि जी** का यह प्रयत्न अत्यन्त उपकारक सिद्ध होगा। मुनि श्री ने हेमचन्द्राचार्य के अष्टम अध्याय के सूत्र एवं वृत्ति पर प्रथम संस्कृत में बाल-मनोरमा टीका लिखी है। इस संस्कृत टीका की भाषा भी बड़ी सरल और व्याख्या-शैली बोध-गम्य है। संस्कृत विद्यार्थी अध्यापक की सहायता के बिना भी काफी कुछ समझ सकता है। फिर आत्म-गुण-प्रकाशिका हिन्दी-व्याख्या ने तो प्राकृत भाषा का ज्ञान-द्वार ही उन्मुक्त कर दिया है। हिन्दी-विवेचन पढ़ कर और मूल सूत्र कंठस्थ करके विद्यार्थी प्राकृत-ज्ञान प्राप्त कर सकता है। एक प्रकार से प्राकृत को संस्कृत-बंधन से मुक्त कर स्वावलम्बी बना दिया है। प्राकृत भाषा के अध्ययन एवं प्रचार की दृष्टि से यह एक ऐतिहासिक प्रयत्न हुआ है। निश्चित ही **व्याख्याकार श्री ज्ञान मुनि जी** ने अथक श्रम किया है। उनका दीर्घ-कालीन अध्यवसाय और श्रम प्राकृत प्रचार को प्रोत्साहित करेगा, ऐसा विश्वास किया जा सकता है।

पुस्तक की छपाई, साफ शुद्ध है। जिल्द एवं प्लास्टिक कवरयुक्त पुस्तक का मूल्य भी उपयुक्त है। संस्कृत एवं प्राकृत विद्यार्थियों तथा पुस्तकालयों के लिए पुस्तक तुरन्त संग्रह करने योग्य है। भारत सरकार के शिक्षा-विभाग को भी इस प्राकृत व्याकरण को राष्ट्र-भाषा-व्याख्या प्रस्तुत करने के कारण प्रोत्साहित और पुरस्कृत करना चाहिए।

**श्री चन्द्र जी सुराणा,**
**'अमर भारती'** आगरा
अगस्त १९७५।

९. कलिकाल सर्वज्ञ आचार्य हेमचन्द्र के **'सिद्ध-हैमशब्दानुशासन'** नामक व्याकरण ग्रंथ का यह एक अध्याय है जिसमें प्राकृत-भाषा के व्याकरण-सम्मत नियमोपनियमों का उल्लेख किया गया है। साहित्य-संसार में आज यही एक अध्याय प्राकृत व्याकरण के नाम से प्रसिद्ध है। प्रस्तुत व्याकरण में कुल मिलाकर ६७१ सूत्र हैं, जिनकी संस्कृत तथा हिन्दो व्याख्या श्री ज्ञानमुनि जी ने लिखी है।

आरम्भ में डा० ऐल० ऐम० जोशी तथा प्रोफैसर ए० एन० सिन्हा की संयुक्त प्रस्तावना है, जिसमें उन्होंने विस्तार-पूर्वक विभिन्न प्राकृत-भाषाओं की उत्पत्ति,विकास, महत्ता एवं उत्तर-कालीन देशी भाषाओं पर पारम्परिक प्रभाव का इतिहास दिया है।

आचार्य हेमचन्द्र ने तथा मार्कण्डेय, धनिक आदि ने भी **"प्रकृतिः संस्कृतम्"** के द्वारा यह प्रतिपादित किया है कि संस्कृत ही प्राकृत भाषाओं की प्रकृति है। अर्थात् संस्कृत ही प्राकृत भाषाओं का उद्गम स्रोत है। प्राकृत भाषाओं के विषय में इन दिनों जो वैज्ञानिक अनुसन्धान कार्य हुए हैं, उनको देखते हुए यह प्रस्थापना पुरानी पड़ गई है। संस्कृत के अनुसरण पर व्याकरण बन जाने से और व्याकरण के नियमों में कस जाने से प्राकृत को संस्कृत की प्रकृति मान लिया गया और उसे एक साहित्यिक रूप भी मिल गया। लेकिन वस्तुतः प्राकृत लोक-व्याहार की प्रवाह-शील भाषा रही है और जनपद की बोलियों में तथा वर्तमान भाषाओं में इसके रूपों का दर्शन किया जा सकता है, इस दृष्टि से विद्वानद्वय की प्रस्तावना बड़ी उपयोगी है।

अन्त में **पाद-अयाणाम्** शीर्षक के अन्तर्गत शब्द-सूची दी गई है, जिनके संस्कृत रूप भी कोष्ठक में सामने दे दिए गए हैं।

इस प्राकृत-व्याकरण के आधार पर प्राकृत भाषा सीखने में विद्यार्थियों को पर्याप्त सुविधा प्राप्त होगी, इसमें सन्देह नहीं।

**सम्पादक :—**

श्रमण, वाराणसी, अगस्त १९७५।

१०. **श्री ज्ञान मुनि जी म०** स्थानकवासी संतों में अग्रणी हैं। ज्ञान, तप, चारित्र और त्याग की साक्षात् प्रतिमा हैं। मुनि जीने लगभग २५ ग्रन्थों की रचना की है। इनकी सभी रचनायें इनके ज्ञान तथा पाण्डित्य और त्यागमयी मनोभावनाओं की प्रतीक हैं। हाल ही में आचार्य हेम चन्द्र की रचना **"सिद्ध-हैमशब्दानुशासन"** के आठवें अध्याय के तीन पादों की संस्कृत हिन्दी व्याख्या—'प्राकृत व्याकरणम्' भाग पहला प्रकाशित कर महाराज श्री ने हिन्दी जगत तथा प्राकृत भाषा-प्रेमियों पर महान् उपकार किया है। सरल, सुबोध तथा पठनीय यह टीका हिन्दी साहित्य की अमूल्य निधि है। आचार्य हेमचन्द्र जी की मूल रचना—हैमशब्दानुशासन (जिसे सिद्ध-हैमशब्दानुशासन भी कहते हैं) आठ अध्यायोंमें विभक्त है। आरम्भ के सात अध्यायों में संस्कृत भाषा के व्याकरण की विवेचना है और आठवें में प्राकृत व्याकरण की 'तद्भव शब्दों' का अनुशासन तथा प्राकृत और अपभ्रंश भाषाओं के विशेषत: ध्वनिग्रामों सम्बन्धी परिवर्तनों का सुव्यवस्थित नियमांकन ही इस अध्याय का लक्ष्य जान पड़ता है।

आचार्य हेमचन्द्र के पूर्व तथा पश्चात् प्राकृत भाषा के व्याकरणचार्यों की लम्बी परम्परा मिलती है। वैसे तो प्रथम व्याकरणों में चण्ड का नाम सबसे पहले लिया जाता है, फिर भी इनसे पहले भी प्राकृत व्याकरण का उल्लेख मिलता है। अपने **'नाटय्शास्त्र'** में भरतमुनि ने—प्राकृत शब्द रचना के कुछ नियमों की चर्चा की है। चण्डकृत **'प्राकृत लक्षण'** में करीब सौ सूत्र हैं, जिन्हें चार पादों में विभक्त किया गया है। पश्चात् वररूचि ने **'प्राकृत प्रकाश'** व्याकरण की रचना की है। बारह परिच्छेदों के इस ग्रन्थ में नौ अध्याय महाराष्ट्र, प्राकृत के शब्दों के रूप-विधानों में व्याख्या के लिए दिए गए हैं। शेष तीन में क्रमश: पैशाची (दसवें), मागधी (ग्यारहवें) और शौरसेनी (बारहवें) प्राकृतों के शब्दों के लक्षणों को निरूपित किया गया है। **'प्राकृत प्रकाश'** पर भामह, कासायन,वसन्तराज तथा सदानन्द की उपलब्ध टीकाएं ग्रन्थ की लोकप्रियता प्रकट करती है।

वररूचि के बाद आचार्य हेमचन्द्र ने **'सिद्ध-हैमशब्दानुशासन'** व्याकरण की रचना की। रचना के समकक्ष की कोई व्याकरण पुस्तक प्राकृत व्याकरण पर अब तक नहीं लिखी गई। इस से ही इस ग्रन्थ की उपयोगिता तथा महत्ता का प्रभाव मिलता है। जैसा कि ऊपर संकेत किया गया है। मूल ग्रन्थ के आठवें अध्याय में ही प्राकृत व्याकरण की विवेचना है। इस अध्याय के चार पाद हैं। प्राकृत-व्याकरणम् (भाग पहला) में इस अध्याय के प्रथम तीन पादों की अविकल संस्कृत तथा हिन्दी में टीका है, दूसरे भाग में चौथे पाद की टीका मुनि जी ने प्रस्तुत की है, जो मुद्रणाधीन है।

प्रथम भाग के प्रथम पाद में—टीकाकार ने क्रमश: संधि, व्यञ्जनान्त शब्द, लिङ्ग, विसर्ग, अनुस्वार तथा स्वर और व्यंजन-व्यत्यय आदि की टीका संस्कृत—पश्चात् हिन्दी में प्रस्तुत की है। दूसरे पाद में—ध्वनि ग्राम-सम्बन्धी परिवर्तनों की विवेचना-सहित, निपात तथा अव्ययों की विवेचना-स्वरूप टीकायें प्रस्तुत हैं। यह पाद भाषा-विज्ञान के छात्रों के लिए अत्यन्त उपयोगी है। तीसरे पाद में कारक, विभक्ति, क्रिया आदि के नियमों-उपनियमों के निर्देशों को टीकाएं हैं। प्रतीत होता है

कि आचार्य हेम चन्द्र ने इस अध्याय की रचना तीन उद्देश्यों—प्राकृत भाषा के स्वरूप, विकास और व्याकरण सम्बन्धी नियमों की व्याख्या के लिए की थी। प्रस्तुत टीका युगानुकूल होने के कारण मूलग्रन्थ से भी अधिक उपयोगी जान पड़ती है।

४६९ पृष्ठों की इस टीका में - व्यवहृत शब्दों की तालिका अन्त में देकर इसे अधिक मूल्यवान बना दिया गया है। उत्तम कागज़, सुन्दर मुद्रण, आकर्षक मुख पृष्ठ आदि से इस ग्रन्थ की महत्ता में चार चान्द लग गए हैं। **आचार्य श्री आत्माराम जैन मॉडल स्कूल, २६-डी, कमला नगर, दिल्ली-७** ने इसे प्रकाशित किया है।

प्राकृत भाषा की उच्च कक्षा के छात्रों तथा शोधकर्ताओं के लिए प्रस्तुत टीका अत्यन्त उपयोगी है। तुलनात्मक अध्ययनार्थी, भाषाविद्, इतिहासकार आदि सभी इससे लाभ उठायेंगे। प्राकृत भाषा के छात्रों के लिए ग्रन्थ वरदान सिद्ध होगा। **"२५ वीं महावीर निर्वाण शताब्दी"** के उपलक्ष्य में ऐसी महान कृतियों का प्रकाशन हिन्दी साहित्य के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा तथा सदा स्मरण किया जाएगा।

**डा० वृजविहारी तिवारी,**
**जागृति** (लोक सम्पर्क विभाग, पंजाब सरकार द्वारा प्रकाशित)
चंडीगढ़, नवंबर १९७५।

Our country has the distinguished honour of producing men of great intelligence whose valuable writings have illumined the thousands of persons, In course of time. In academic circles the name of Acharya Shri Hem Chanderji Maharaj is remembered with great respect for his unique composition 'Prakrit Vyakarn' in Prakrit language some 800 years back.



It is a matter of great pride and satisfaction that Shri Shri 1008 Shri Gian Muniji Maharaj after arduous labour for over 20 years has translated this book in Sanskrit and Hindi for the benefit of a large number of students. I am glade to know that the work is being given the shape of a book shortly. I hope, this book will gain popularity in the academic field and more and more scholars will derive benefit of it.

**Hans Raj Sharma,**
Ex-Minister for Finance, Planning,
Local Govt. & Labour, Punjab,
Chandigarh.



Grammar is the life line of a language. Similarly Prakrit Vyakaran (written by Acharya Shri Hem Chanderji) is the Grammar of Prakrit Language. This present book has been translated into Hindi by Shri Shri 1008 Shri Gian Muniji Maharaj with his intensive efforts. Fortunately who happens to be a great disciple of Jain Dharam Divakar, Jain Acharya Shri Shri 1008 Shri Atma Ramji Maharaj. I am sure this will serve the humanity a long way. I wish all success to this new venture.

**Gurdarshan Singh,**
Ex-P. W. D. Minister,
Pb. Govt. Chandigarh.

# अपनी बात

**प्राकृत शब्द का अर्थ—**

**प्राकृत-व्याकरण** इस शब्द में **प्राकृत** और **व्याकरण** ये दो पद हैं। **प्राकृत** शब्द का अर्थ है— एक प्राचीन स्वतंत्र भाषा,जिस का प्रयोग जैन साहित्य में तथा संस्कृत के नाटकों एवं अन्यान्य ग्रन्थों में उपलब्ध होता है। व्याकरण उस शास्त्र का नाम है जिस के द्वारा भाषा के शब्दों, उनके रूपों और प्रयोगों आदि का ज्ञान उपलब्ध किया जाता है। प्राकृतभाषा का व्याकरण **प्राकृत-व्याकरण** कहलाता है।

प्राकृत शब्द को लेकर अनेकों अर्थ-विचारणाएं उपलब्ध होती हैं। उन में से कुछ एक निवेदन करता हूं :—

**१—प्रकृतिः संस्कृतं, तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्** (हेमचन्द्र-कृत प्राकृत-व्याकरण ८।१।१), **२—प्रकृतिः संस्कृतम्, तत्र भवं प्राकृतमुच्यते** (प्राकृतसर्वस्व १।१), **३—प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम्** (प्राकृत-चन्द्रिका), **४—प्राकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता** (षड्भाषा-चन्द्रिका पृष्ठ ४), **५—प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः** (वासुदेवकृत कर्पूरमंजरीसंजीवनी-टीका ९।२)।

प्राकृत शब्द की इन सब व्युत्पत्तियों का जब गंभीरता से परिशीलन करते हैं तो यह स्पष्ट हो जाता है कि प्राकृत शब्द प्रकृति शब्द से निष्पन्न हुआ है और प्रकृति का अर्थ है—संस्कृत भाषा। इस अर्थ-विचारणा से यह स्पष्ट हो जाता है कि संस्कृत भाषा प्राकृत भाषा की जननी है। अर्थात् संस्कृत भाषा से उत्पन्न होने वाली भाषा प्राकृत-भाषा कहलाती है।

प्राकृत शब्द का जो अर्थ ऊपर की पंक्तियों में संसूचित किया गया है। यह अर्थ कोषकारों के मत में प्रामाणिक नहीं माना जाता। क्योंकि प्राकृति शब्द का किसी भी कोषकार ने 'संस्कृत भाषा' यह अर्थ नहीं लिखा है। कोषकार तो प्रकृति शब्द को मुख्यतया स्वभाव अथवा जनसाधारण इस अर्थ का अभिव्यञ्जक स्वीकार करते हैं। इसीलिए प्राकृत शब्द का उनके मत में अर्थ होता है—**प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्**। अथवा **प्रकृतीनां साधारण-जनानामिदं प्राकृतम्**। अर्थात्—जो भाषा प्रकृति (स्वभाव) से सिद्ध-निष्पन्न हो वह प्राकृत भाषा कहलाती है। प्राचीन युग में प्राकृत भाषा जन-जीवन की मातृभाषा थी, अतः स्वाभाविक या अकृत्रिम मानो जाती थी। संस्कृतभाषा व्याकरण की संस्कार-रूप कृत्रिमता (बनावटीपन) से परिपूर्ण होने के कारण कृत्रिम या अस्वाभाविक स्वीकार की गई है, किन्तु प्राकृतभाषा की ऐसी स्थिति नहीं थी, जन-जीवन को यह स्वभाव से सम्प्राप्त होती है इसलिए इसे स्वाभाविक कहा गया है। अथवा प्रकृति-जनसाधारण (साधारण-अपठित जन-जीवन) की भाषा प्राकृत भाषा कहलाती है। क्या बालक क्या बालिका, क्या युवक क्या युवती, क्या स्त्री और क्या पुरुष सभी प्राकृतभाषा का उपयोग करते हैं। किसी पाठशाला में शिक्षण प्राप्त किए बिना ही इसे बोलते हैं, अतः इसे जन-साधारण की भाषा कहा गया है। इस प्राकृत भाषा से ही संस्कृत आदि अन्य भाषाओं की उत्पत्ति होती है, इस सत्य को भाषा-तत्त्व के सिद्धान्त भी सहर्ष स्वीकार

करते हैं। कारण स्पष्ट है। अपठित वर्ग या जनसाधारण किसी साहित्यिक भाषा का न तो स्वयं प्रयोग करता है, और नाँहीं उसे समझ सकता है। अतः जनसाधारण के व्यवहार को सम्पन्न करने वाली जो कथ्य भाषा (बोलचाल की भाषा) होती है, वह साहित्य की परिमार्जित भाषा से सर्वथा स्वतंत्र और अलग भाषा होती है। शिक्षित या पठित लोग भी व्यवहार जगत में जनसाधारण से वार्तालाप करते हैं तो वे उसी कथ्य भाषा का ही प्रयोग करते हैं। वेदों के समय में भी ऐसी कथ्य भाषा प्रचलित थी। जिस समय लौकिक संस्कृतभाषा चल रही थी, उस समय भी जनसाधारण में कथ्य भाषा पाई जाती थी। नाटक-जगत इस सत्य का पूर्णतया पोषण करता है। नाटक-शास्त्रों के परिज्ञाता विद्वान जानते ही हैं कि वहां पर संस्कृत भाषा के साथ-साथ कथ्य भाषा बोलने वाले पात्र भी दृष्टिगोचर होते हैं। यह कथ्य भाषा प्राकृत भाषा ही थी। अतः यही माना शास्त्रीय और तर्क-संगत है कि सर्व भाषाओं की जननी प्राकृतभाषा है। प्राकृत-भाषा ने संस्कृत भाषा को जन्म दिया है। आज कल के भाषा-तत्त्वज्ञों ने इसी मान्यता का समर्थन किया है। भारत के प्राचीन भाषा-तत्त्वज्ञों में भी इसी सिद्धान्त का अधिक आदर देखा जाता है। रुद्रटकृत काव्यालंकार में एक श्लोक की व्याख्या में खिस्त की ग्यारहवीं शताब्दी के एक जैन विद्वान मुनिवर श्री नमि लिखते हैं—

"**सकल-जगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचनव्यापारः प्रकृतिः, तत्र भवं सैव वा प्राकृतम्। 'आरिस-वयणे सिद्ध' देवाणं अद्धमागही वाणी' इत्यादिवचनाद् वा प्राक् पूर्वं कृतं प्राक्कृतं बाल-महिलादि-सुबोधं सकलभाषानिबन्धनभूतं वचनमुच्यते, मेघनिर्मुक्त-जलमिवैकस्वरूपं तदेव च देशविशेषात् संस्कार-करणाच्च समासादितविशेषं सत् संस्कृताद्युत्तरविभेदानाप्नोति। अतएव शास्त्र-कृता प्राकृतमादौ निर्दिष्टं तदनु संस्कृतादीनि। पाणिन्यादिव्याकरणोदितशब्दलक्षणेन संस्करणात् संस्कृतमुच्यते।** अर्थात्—प्रकृति शब्द का अर्थ है—लोगों का व्याकरण आदि के संस्कारों से रहित स्वाभाविक वचनव्यापार, उस से उत्पन्न अथवा वही वचनव्यापार प्राकृत कहलाता है। अथवा **'प्राक्-कृत'** पर से प्राकृत शब्द बना है। **'प्राक्कृत'** का अर्थ है—पहले किया गया। बारह अङ्गग्रन्थों में ग्यारह अङ्ग ग्रन्थ पहले कथन किए गए हैं और इन अङ्गग्रन्थों की भाषा आर्ष वचन में (सूत्र में) **अर्ध-मागधी** कही गई है*। यह अर्ध मागधी भाषा बालक तथा महिला आदि को सुबोध (सहजगम्य) है और यह भाषा सकल भाषाओं का मूलस्रोत मानी जाती है। यही अर्ध-मागधी भाषा प्राकृत कही जाती है। यही प्राकृत मेघ से विनिर्मुक्त जल की तरह, पहले एक रूप में होने पर भी, देश-भेद से और संस्कार करने से भिन्नता को प्राप्त करता हुआ संस्कृत आदि अवान्तर विभेदों में परिणत हो गया है। अर्थात्—अर्ध-मागधी प्राकृत भाषा से संस्कृत भाषा तथा अन्यान्य भाषाओं की उत्पत्ति हो पाई है। इसीलिए मूलग्रन्थकार (रुद्रट) ने प्राकृत भाषा का पहले और संस्कृत आदि भाषाओं का बाद में निर्देश किया है। पाणिनि आदि व्याकरणों में बताए हुए नियमों के अनुसार संस्कार पाने के कारण प्राकृतभाषा संस्कृतभाषा कही जाने लगी है।

**एक प्रश्न का समाधान—**

ऊपर की पंक्तियों में जो बताया गया है, उसका सारांश यही है कि संस्कृतभाषा प्राकृत भाषा

*बारहवाँ अङ्ग-ग्रन्थ दृष्टिवाद है, इस में चौदह पूर्व (प्रकरण) थे। यह अङ्ग-ग्रन्थ संस्कृतभाषा में था। यह आजकल उपलब्ध नहीं है।

का मूल (प्रकृति) नहीं है। संस्कृतभाषा को प्राकृतभाषा का उद्गम स्थान कहना व समझना सर्वथा भ्रान्त है, असत्य है। ऐसी स्थिति में एक प्रश्न पैदा होता है कि यदि संस्कृतभाषा प्राकृतभाषा का मूलस्रोत नहीं है तो फिर आचार्य श्री हेमचन्द्र आदि विद्वानों ने **"प्रकृतिः संस्कृतम्"** यह कह कर प्राकृतभाषा की उत्पत्ति संस्कृतभाषा से क्यों स्वीकार की है? उत्तर में निवेदन है कि **"प्रकृतिः संस्कृतम्"** इन पदों द्वारा संस्कृतभाषा को प्राकृतभाषा की जो उत्पादिका कहा गया है, इस का कारण संस्कृतभाषा को आधार मान कर प्राकृतभाषा के शब्दों की रचना करना ही समझना चाहिये। वस्तु-स्थिति यह है कि प्राकृत-व्याकरण के सभी निर्माताओं ने अपने व्याकरण ग्रन्थों की भाषा संस्कृत रक्खी है, इसीलिए उन्होंने संस्कृत-शब्दों को आधार मानकर अथवा प्रकृति मानकर प्राकृतभाषा के विधिविधान का निरूपण किया है। ऐसा करने से संस्कृतभाषा की अपेक्षा प्राकृतभाषा में जो-जो विचित्रताएं उपलब्ध होती हैं वे सुविधापूर्वक समझी जा सकती हैं तथा प्राकृत भाषा का संस्कृत शब्दों के साथ जो-जो साम्य या वैषम्य सम्प्राप्त होता है, वह भी स्पष्टरूपेण अवगत किया जा सकता है। इसी आशय को लेकर आचार्य श्री हेमचन्द्र आदि विद्वानों ने **"प्रकृतिः संस्कृतम्"** इन शब्दों का प्रयोग किया है, न कि इस आशय को लेकर कि प्राकृतभाषा की उत्पत्ति संस्कृतभाषा से होती है।

हैमशब्दानुशासन व्याकरण आठ अध्यायों में विभक्त है। आदि के सात अध्यायों में आचार्य श्री हेमचन्द्र ने संस्कृभाषा के विधि-विधान का निरूपण किया है तथा अन्तिम अष्टमाध्याय में प्राकृत-भाषा की रूपरेखा उपन्यस्त की है। संस्कृत और प्राकृत इन दोनों भाषाओं के विद्यार्थी यह भली भाँति जानते हैं कि इन दोनों भाषाओं के विधिविधानों में अनेकों समानताएं पाई जाती हैं। अतः आचार्य श्री हेमचन्द्र ने सर्वप्रथम सात अध्यायों में संस्कृत-भाषा का वर्णन कर दिया है, तदनन्तर प्राकृत-भाषा-सम्बन्धी जो अन्तर था उसका अष्टमाध्याय में उल्लेख कर दिया है। यदि स्वतंत्र रूप से प्राकृत भाषा के समस्त विधि-विधान का निरूपण किया जाता तो उनको बहुत बड़ा विशाल-काय ग्रन्थ तैयार करना पड़ता। अतः लाघव को ध्यान में रखकर आचार्य श्री हेमचन्द्र ने संस्कृत और प्राकृत इन दोनों भाषाओं में जो पार्थक्य है उस को अपने ढंग से संसूचित कर दिया है। क्योंकि सर्वप्रथम संस्कृत-भाषा का निरूपण किया गया था, तत्पश्चात् प्राकृत भाषा का, परिणाम-स्वरूप आचार्य श्री हेमचन्द्र ने संस्कृतभाषा को प्राकृतभाषा की प्रकृति (मूलस्रोत) स्वीकार कर लिया है। किन्तु इसका यह अर्थ नहीं लेना चाहिये कि संस्कृतभाषा प्राकृतभाषा की जननी है। संभव है, यदि आचार्य श्री हेमचन्द्र पहले सात अध्यायों में प्राकृत-भाषा के विधि-विधान का निर्देश कर देते और तदनन्तर वे संस्कृतभाषा का निर्देश करते तो उस समय वे **"प्रकृतिः संस्कृतम्"** इन पदों का उल्लेख न करके **"प्रकृतिः प्राकृतम्"** ऐसा ही उल्लेख करते।

**साम्प्रदायिकता का विष—**

इस के अतिरिक्त, कुछ लोग साम्प्रदायिकता-जन्य द्वेष से इतने अधिक द्वेषी बने हुए दृष्टिगोचर होते हैं कि कुछ कहते नहीं बनता। वे यह कहते भी सकुचाते नहीं है कि प्राकृतभाषा तो मूर्खों की भाषा है और संस्कृतभाषा विद्वानों की। वस्तुतः ऐसी ऊलजलूल बातें करने वाले स्वयं मूढ और गंभीरता से शून्य प्रतीत होते हैं। वस्तुतः भाषा कोई भी हो, जब तक वह जन-साधारण

की भाषा रहती है, तब तक उसका व्याकरण के नियमों से आबद्ध या संस्कृत होना आवश्यक नहीं होता। उस समय तो वह कथ्यभाषा अर्थात् बोलचाल की भाषा के रूप में ही प्रचलित रहती है। इसके विपरीत जब वही भाषा व्याकरण के नियमों से परिष्कृत कर दी जाती है। तब उस का रूप कुछ और ही हो जाता है। यह नियम सभी भाषाओं पर लागू होता है। संस्कृतभाषा जब जनसाधारण की कथ्य भाषा रही है तो उस समय उसका रूप भी व्याकरण के नियमों से परिमार्जित संस्कृतभाषा से सर्वथा पृथक् था। संस्कृतभाषा का लौकिक और अलौकिक (वैदिक संस्कृत) यह द्वैविध्य रूप भी इसी तथ्य को परिपुष्ट कर रहा है। अतः किसी भाषा को मूर्खों की भाषा कहना और किसी भाषा को विद्वानों की भाषा बतलाना सर्वथा असंगत है, और अपनी बुद्धिहीनता को अभिव्यक्त करना है। सभी भाषाएं अपने-अपने युग में सम्मानित रही हैं, और सभी भाषाओं ने जनजीवन के निर्माण, उत्थान एवं अभ्युत्थान के लिए कुछ-न-कुछ सामग्री मानव समाज को अवश्य प्रदान की है। अतः अपेक्षाकृत सभी भाषाएं आदरास्पद हैं।

**प्राकृतव्याकरण का द्वितीय खण्ड—**

आचार्य श्री हेमचन्द्र द्वारा विनिर्मित हैमशब्दानुशासन नामक व्याकरण आठ अध्यायों में विभक्त है। पहले सात अध्यायों में संस्कृतभाषा के विधिविधान का निरूपण कर रखा है और आठवें अध्याय में प्राकृतभाषा का। हैमशब्दानुशासन के आठवें अध्याय को ही प्राकृत-व्याकरण के नाम से पुकारा जाता है। प्राकृत-व्याकरण में चार अध्याय हैं। इन चार अध्यायों को हमने दो खण्डों में विभक्त किया है। प्रथम खण्ड में आदि के तीन पादों का व्याख्यान किया गया है। द्वितीय खण्ड में केवल चतुर्थ पाद का विवेचन है। प्रस्तुत ग्रन्थ में प्राकृत-व्याकरण का द्वितीय खण्ड ही उपन्यस्त किया गया है। इस खण्ड में दो टीकाएं प्रस्तुत की गई हैं। एक संस्कृतभाषा में है, दूसरी हिन्दीभाषा में। संस्कृत-टीका का नाम बालमनोरमा रखा गया है जबकि हिन्दी-टीका नाम आत्म-गुण-प्रकाशिका है। संस्कृत-टीका में प्राकृतभाषा के शब्दों की साधनिका प्रस्तुत की गई है। जैसे—**धर्मः** यह शब्द संस्कृत-भाषा का है, इस शब्द का प्राकृत-भाषा में **धम्मो** यह रूप बनता है। प्राकृत-व्याकरण के किस-किस सूत्र द्वारा **धम्मो** इस रूप की निष्पत्ति होती है? इसे किस तरह बनाया जाता है? यह सब कुछ संस्कृत-टीका में प्रदर्शित किया गया है। मूलसूत्र तथा मूलसूत्र के कठिन स्थलों का एवं सूत्रोक्त शब्दों का भावार्थ हिन्दी-टीका में लिखा गया है।

प्राकृत-व्याकरण सटीक श्रमण भगवान महावीर की २५ वीं निर्वाण शताब्दी के उपलक्ष्य में प्रकाशित किया गया है। इसका प्रथम खण्ड दो वर्ष हुए पाठकों की सेवा में समर्पित किया जा चुका है। प्राकृत भाषा के प्रचारक, प्रसारक एवं मनीषी विद्वानों ने इस प्रकाशन को कितना आदर एवं सम्मान प्रदान किया है, तथा मासिक पत्रिकाओं में समालोचक महानुभावों ने इस के सम्बन्ध में क्या-क्या अभिप्राय प्रदर्शित किया है? उसका प्रस्तुत ग्रन्थ में ही अन्यत्र **"पूज्य मुनिराजों तथा विद्वानों की दृष्टि में, प्राकृत-व्याकरण** (प्रथम खण्ड)" इस शीर्षक द्वारा उल्लेख किया जा रहा है।

प्राकृत-व्याकरण की टीका लिखने का क्या कारण रहा है? इस सम्बन्ध में प्रथम खण्ड में निवेदन किया जा चुका है। प्राकृत-व्याकरण का द्वितीय खण्ड शीघ्रातिशीघ्र पाठकों के करकमलों में पहुंचा दिया जाए? यह प्रबल भावना थी, किन्तु इस भावना को शीघ्र जो साकार रूप नहीं दिया जा सका, इसका सर्वाधिक कारण प्रेस वालों की व्यस्तता की अधिकता ही मानता हूं। जिस प्रेस में

प्राकृत-व्याकरण का मुद्रण हो रहा है, बहुत बड़ा प्रेस होने पर भी उस में इतनी अधिक व्यस्तता दृष्टिगोचर होती है कि इस समय भी द्वितीय खण्ड का प्रकाशित होना कठिन प्रतीत हो रहा था। तथापि यह सब कुछ जो हो गया है, यह भी प्रेस के मालिक श्री ऐस० ऐल० भाटिया जी का ही औदार्य्य समझता हूं।

**कृतज्ञता-प्रदर्शन—**

प्राकृत-व्याकरण की संस्कृत-टीका तथा हिन्दी-टीका लिखने में मूलरूप में सर्वाधिक श्रेय तो मेरे जीवन के निर्माता, हृदय-सम्राट्, जैनधर्मदिवाकर पूज्यपाद, वन्दनीय आचार्यसम्राट् **गुरुदेव पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज** को ही दिया जा सकता है। क्योंकि उन्हीं के आदेश तथा मङ्गलमय आशीर्वाद से ही प्राकृत-व्याकरण का यह विशाल विवेचन लिखा जा सका है। मैं यह पूज्य गुरुदेव का ही पुण्य प्रताप मानता हूं कि "**श्रेयांसि बहुविघ्नानि**" के सिद्धान्त के प्रभाव से मैं सर्वथा अछूता रहा। अतः सर्वप्रथम मैं जैनागमों के अद्वितीय विद्वान, चारित्रचूडामणि पूज्य गुरुदेव का हृदय से आभारी हूं। तदनन्तर अपने बड़े गुरुभाई श्रद्धेय **पण्डित श्री हेमचन्द्र जी महाराज** का भी आभारी हूं, जिनके समय-समय पर दिए गए सहयोग के कारण मैं बालमनोरमा संस्कृत-टीका को परिमार्जित एवं परिवर्धित करने में सफल हो पाया हूं।

प्राकृत-व्याकरण के चारों पादों के आरम्भ में तथा अन्त में जितने भी श्लोक दिए गए हैं, उन में से कुछ एक श्लोकों को छोड़कर शेष समस्त श्लोक मेरे स्नेही मुनि **आदरणीय पण्डित श्री राम प्रसाद जी** के लिखे हुए हैं। मुनि श्री व्याख्यानवाचस्पति **श्रद्धेय श्री स्वामी मदन लाल जी महाराज** के शिष्य-रत्न हैं। मैं इनको अपने छोटे भाई की भाँति मानता हूं। संस्कृत-भाषा तथा आगमग्रन्थों की इनको इतनी अधिक जानकारी है कि कुछ कहते नहीं बनता। ये एक सुलझे हुए विद्वान एवं विचारक सन्त हैं। मैं अपने छोटे भाई के इस सहयोग का भी धन्यवादी हूं।

प्राकृत-व्याकरण के प्रथम खण्ड पर आचार्य-प्रवर **पूज्य श्री आनन्द ऋषि जी महाराज**, पण्डित-प्रवर **श्री हेमचन्द्र जी महाराज**, उपाध्याय कविरत्न **श्री अमर मुनि जी महाराज**, उपाध्याय **पण्डित श्री फूलचन्द्र जी महाराज** श्रमण आदि पूज्य मुनिराजों तथा अन्य विद्वानों ने अपने अभिमत प्रेषित करके मुझे जो प्रोत्साहित किया है, उसके लिए मैं उनका कृतज्ञ हूं, आभारी हूं। प्राकृत-व्याकरण के प्रकाशन की सब व्यवस्था हमारे प्रिय श्रावक **श्री सुखदेवराज जी जैन** मोहरों वाले, अम्बाला शहर वाले कर रहे हैं। इन्होंने इस ग्रन्थ के प्रकाशन में अपनी सभी शक्तियों का प्रयोग किया है, वह भी निष्काम भावना से। यदि संक्षेप में अपनी बात कह दूं तो—श्री सुखदेवराज जी का भक्तिपूर्ण मधुर सहयोग ही प्राकृत-व्याकरण की रचना को साकार रूप प्रदान कर सका है। प्राकृत-व्याकरण के प्रकाशन के निमित्त जिन दानी सज्जनों एवं उदार बहिनों ने सहयोग दिया है, उनका भी धन्यवादी हूं। मेरी लिखी पंक्तियों को प्रैस के माध्यम से पाठकों तक पहुंचाने का मूल आधार तो दानी सज्जनों का सहयोग ही मानता हूं। मैं इन उदार महानुभावों का भी धन्यवादी हूं। प्रकाशक संस्था की ओर से भी इन दानी सज्जनों का नाम-निर्देश-पूर्वक धन्यवाद इसी ग्रन्थ में अन्यत्र किया जा रहा है।

प्राकृत-व्याकरण के द्वितीय खण्ड के अन्त में परिशिष्ट के रूप में प्राकृत-भाषा का जो धातु-पाठ दिया गया है, यह भावनगर से प्रकाशित प्राकृत-व्याकरण (अष्टमाध्याय-सूत्रपाठ) से साभार

उद्धृत किया गया है। मैं इस ग्रन्थ की प्रकाशिका संस्था का भी धन्यवादी हूं। धातुपाठ के अनन्तर प्राकृत-व्याकरण की सूत्रसूची भी दी गई है। इस सूत्रसूची को तैयार करने में **आचार्य श्री आत्माराम जैन मिडिल स्कूल, खन्ना** (लुधियाना) की मुख्य अध्यापिका बहिन **रक्षादेवी शर्मा** तथा अध्यापिका **कुमारी दर्शना देवी** का सर्वाधिक परिश्रम रहा है। कुमारी दर्शना ने तो इस सूत्रसूची के तैयार करने में अपने अन्य आवश्यक कार्यों की ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया। मेरी "प्राकृत-व्याकरण की अकारादिक्रम से सूत्रसूची अवश्य तैयार होनी चाहिए" इस कामना को मूर्त्तरूप देने में इस देवी-युगल ने सहयोग देकर जो स्नेहातिरेक दिखलाया है, उसके लिए हृदय से धन्यवादी हूं।

**विनीत प्रार्थना—**

इस सत्य से मुझे इनकार नहीं है कि मैं कोई विद्वान या लेखक नहीं हूं। तथापि जो कुछ लिखा गया है, यह प्राकृत-भाषा के विद्यार्थी का एक साधारण अभ्यास या प्रयास ही समझना चाहिए। अत: **"गच्छतः स्खलनं क्वाऽपि"** के अनुसार स्खलना का हो जाना स्वाभाविक ही है। इसलिए पाठकों से सप्रेम एवं साग्रह प्रार्थना करूंगा कि जहां पर भी उन्हें कोई स्खलना दृष्टिगोचर हो, उसका सुधार करलें और उसकी सूचना इस सेवक को देने की उदारता अवश्य करें ताकि अग्रिम संस्करण में उस स्खलना का परिहार किया जा सके। धन्यवाद।

जैनस्थानक, पटियाला
19-2-1977

प्रार्थी—
**ज्ञानमुनि**

# प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता

## जैनभूषण श्रद्धेय श्री ज्ञान मुनि जी महाराज

**(जीवन तथा साधना की एक संक्षिप्त झांकी)**

[लेखक—डाक्टर श्री शिवमुनि जी महाराज M. A. प्रभाकर]

परमश्रद्धेय, जैनभूषण, पंजाब-केसरी, व्याख्यान-दिवाकर, पूज्य गुरुदेव **श्री ज्ञान मुनि जी महाराज** विक्रम सम्वत् १९७९, वैशाख शुक्ला तृतीया (अक्षयतृतीया) के शुभ दिन, साहोकी (जिला संगरूर, पंजाब) नामक ग्राम में बांसल गोत्रीय **लाला गोखा राम जी** अग्रवाल जैन की धर्मपत्नी पूज्य **माता मन्सादेवी** की पवित्र कुक्षि से पैदा हुए। माता पिता ने आपका नाम आत्माराम रक्खा था। महाराज श्री आठ वर्ष के थे, गाँव में डाकुओं का आतंक बढ़ जाने के कारण लाला गोखा राम जी ने साहोकी ग्राम को छोड़कर लुधियाना शहर (पंजाब) में रहना आरम्भ कर दिया था। लुधियाना में महामुनि, स्थविरपदविभूषित, त्याग वैराग्य के समुज्ज्वल प्रतीक, वन्दनीय परमश्रद्धेय **श्री स्वामी शालिग्राम जी महाराज** विराजमान थे। महाराज श्री जी लाला जी के खानदान में ताया लगते थे, अतः लाला जी परिवार-सहित **पूज्य श्री शालिग्राम जी महाराज** के पावन चरणों में प्रतिदिन आया-जाया करते थे। परिणाम-स्वरूप सर्वप्रथम श्रद्धास्पद **श्री ज्ञान मुनि जी महाराज** को इन्हीं वन्दनीय पूज्यपाद **श्री स्वामी शालिग्राम जी महाराज** के सम्पर्क तथा मङ्गलमय मार्गदर्शन का सौभाग्य सम्प्राप्त हुआ था। इन्हीं महामहिम महापुरुष के चरणों में बैठकर इन्होंने जैनधर्म के विधिविधान को समझा, और इन्हीं से सम्यग्दर्शन परिप्राप्त किया।

**साधना के महापथ पर—**

वि०सं० १९९३ के वैशाख शुक्ला त्रयोदशी के पावन दिवस अर्थात् चौदह वर्ष दस दिनों की आयु में आप (श्री ज्ञानमुनि जी महाराज) **रावलपिण्डी** (पाकिस्तान की पञ्चनदीय राजधानी) में प्रातःस्मरणीय, चारित्रचूडामणि, जैनधर्मदिवाकर, साहित्यरत्न, जैनागमरत्नाकर मङ्गलमूर्ति आचार्य-सम्राट् परमश्रद्धेय **पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज** के परिपूत चरणों में दीक्षित होकर जैनसाधु बने। साधु बन जाने के अनन्तर आपने **संस्कृत** और **प्राकृत** आदि अनेकविध भाषाओं का अध्ययन किया। अनेकों पुस्तकें लिखीं। **श्री विपाक सूत्र** और **श्री अनुयोग द्वार सूत्र** आदि कई एक जैनागमों का **हिन्दी भाषा** में सरल और सुबोध अनुवाद एवं सम्पादन किया। **१—प्रश्नों के उत्तर, २—श्रमण संस्कृति के अमर प्रतीक, ऋषिवर आनन्द, ३—आचार्यसम्राट्** (पूज्य श्री आत्माराम जी म० की जीवनी) **४—सरलता के महास्रोत, ५—साधना के अमर प्रतीक और ६—भगवान महावीर के ५ सिद्धान्त,** आदि २० के लगभग स्वतन्त्र पुस्तकों का निर्माण किया। जहां आप श्री साहित्यिक क्षेत्र में प्रगतिशील रहे हैं वहां आप श्री सामाजिक क्षेत्र में भी बड़े प्रयत्नशील रहे हैं। **फिल्लौर** (जिला जालन्धर), **बहराम** (जिला जालन्धर) और **मलौद** (लुधियाना) आदि अनेकों क्षेत्र खोले और जैनधर्म का पावन ध्वज लहराया, वहां पर बने जैनस्थानक वहां की जनजागृति के समुज्ज्वल प्रतीक हैं। **कोटकपूरा** (जिला भठिण्डा), **समराला** (लुधियाना) और **राजपुरा** (पटियाला) के जैनस्थानकों की उन्नति एवं

अभ्युन्नति के पीछे भी आप का ओजस्वी **व्यक्तित्व** सहयोगी रहा हुआ है। कोटकपूरा की बहिन लाजवन्ती अरोड़ा ने एक मकान दान दिया था, जिसकी रजिस्ट्री ऐस० ऐस० जैन सभा फरीदकोट के नाम करवाई गई है। अब उसके स्थान पर एक विशाल रमणीक भव्य एवं रम्य जैन स्थानक बन गया है। राजपुरा का जैन स्थानक वर्षों से बीरान पड़ा हुआ था। उस में अब आठ दुकानें बन गई हैं, जिनसे लगभग ५ सौ रुपए मासिक आय हो गई है। अब वहां पर दो-तीन कमरे और बन गए हैं। बड़ी सुन्दर बरसाती भी बन गई है। बिल्कुल साथ लगता बहुत बड़ा एक ग्रौण्ड भी खरीद लिया गया है। इस तरह राजपुरा का जैनस्थानक अब पूर्णतया अपने पांव पर खड़ा हो गया है। समराला में जैनस्थानक का सर्वथा अभाव था। अब वहां पर भी एक भव्य और रम्य स्थानक बन गया है। यह सब पूज्य गुरुदेव **श्रद्धेय श्री ज्ञानमुनि जी महाराज** के मङ्गलमय प्रभाव का ही सुपरिणाम है। इसके अतिरिक्त नाभा, राहों, खरड़, बनूड़ और खन्ना में जो जैन सिलाई स्कूल चल रहे हैं, उनके पीछे भी श्रद्धेय महाराज श्री जी का ही वरद हस्त रहा हुआ है।

**राहों के श्रद्धा-केन्द्र—**

श्रद्धा के केन्द्र, परिपूतचरण, वन्दनीय गुरुदेव आचार्य-सम्राट् **पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज** की जन्मभूमि **राहों** (जालन्धर) जैसे पिछड़े नगर में पूज्य गुरुदेव की पुण्यस्मृति में **"आचार्य श्री आत्माराम जैन फ्री डिस्पेंसरी"** का चालू करना और इसकी स्थायी सम्पत्ति एकत्रित करने के लिए समाज को आदर्श प्रेरणा प्रदान करके उसे अपने पाँव पर खड़ा कर देना, वहीं पर **"आचार्य श्री आत्माराम जैन सिलाई स्कूल"** नामक शिक्षा-संस्था की स्थापना करना तथा **"आचार्य श्री आत्माराम जैन सेवा-सदन"** का निर्माण करके समाज के असहाय छात्रों, विधवाओं तथा अभावग्रस्त लोगों को सहायता देने की योजना बनाना श्रद्धेय **श्री ज्ञान मुनि जी महाराज** की ही अपनी विशेषता है, जिस से समाज सदा इनका कृतज्ञ रहेगा। राहों नगर पर आप श्री ने जो कृपाभाव प्रदर्शित किया है; या अपने परम श्रद्धेय पूज्य गुरुदेव श्री के पुण्य स्मृति में उनके स्मारक बनाकर राहों निवासियों के जो सोए भाग्य जगा दिए हैं, उसके लिए राहों-निवासियों के हृदय में जो आस्था, निष्ठा एवं प्रेम है, उसे अक्षरों की सीमित रेखाओं द्वारा अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता है। आप श्री की अविस्मरणीय सेवाओं और उपकारों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने के लिए ही राहों-निवासियों ने ईस्वी सन् १९७३ के चातुर्मास में आपको **पंजाब-केसरी, जैन-भूषण, व्याख्यान-दिवाकर** इन महान उपाधियों से विभूषित करके आप की समाज-सेवाओं को सम्मानित करने का बुद्धिशुद्ध प्रयास किया है।

**प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता—**

प्राकृत-व्याकरण (संस्कृत-हिन्दी-टीकाद्वयोपेत) के लेखक मेरे पूज्य गुरुदेव श्रद्धेय **श्री ज्ञान मुनि जी महाराज** ही हैं। इस में एक **'बालमनोरमा'** नामक संस्कृत टीका है और दूसरी **आत्मगुण-प्रकाशिका** हिन्दी-व्याख्या है। प्राकृत-व्याकरण को दो खण्डों में विभक्त कर दिया गया है। **प्रथम** खण्ड में आदि के तीन पाद हैं और द्वितीय खण्ड में केवल चतुर्थ पाद का विवेचन है। प्रस्तुत **ग्रन्थ** प्राकृत-व्याकरण का द्वितीय खण्ड है। प्राकृत-व्याकरण पर कोई सरल, सरस और प्रामाणिक विवेचन होना चाहिए, यह सभी प्राकृतज्ञ मनीषी विद्वान अनुभव कर रहे थे। इस दिशा में कुछ विद्वानों ने प्रयास भी किए हैं,परन्तु उन से इष्ट लाभ उपलब्ध नहीं हो सका था। सौभाग्य की बात है कि

जैनभूषण, पण्डितरत्न, गुरुदेव **श्री ज्ञानमुनि जी महाराज** ने अपने विलक्षण बौद्धिक बल तथा परिश्रम से इस समस्या को समाहित कर दिया है। समूचे व्याकरण के शब्दों की साधन-प्रक्रिया लिखना, व्याकरण के कठिन स्थलों का सरल एवं सुगम विवेचन करना कोई साधारण बात नहीं है। मैं तो महाराज श्री जी की इस वैदुष्यपूर्ण रचना को इनका एक अपूर्व बौद्धिक चमत्कार ही मानता हूं। इतना बड़ा विशालकाय ग्रन्थ तैयार करना कोई बच्चों का खेल नहीं हैं। मैंने स्वयं अपनी आखों से देखा है कि श्रद्धेय महाराज श्री सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त होने तक प्रायः इसी कार्य में जुटे रहते थे। इतना अधिक श्रम देखकर मैं तो आश्चर्य-चकित रह जाता था। बिना किसी झिझक के कह सकता हूं कि पूज्य गुरुदेव की यह सेवा साहित्य जगत में सदा अभिवन्दनीय एवं अभिनन्दनीय रहेगी। सचमुच आप जैनधर्मदिवाकर, साहित्यरत्न, जैनागमरत्नाकर, विश्वविभूति, महामहिम स्वर्गीय आचार्य-सम्राट् परमश्रद्धेय **पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज** की आत्मा की अमूल्य निधि हैं, आचार्य-प्रवर श्री स्वयं प्रकाशपुञ्ज थे, वे आपको भी अपने पावन प्रकाश से प्रकाशमान बना गए हैं।

❀ वन्दन शत-शत अभिनन्दन ❀

## प्राकृत-भाषा के विविध प्रकार

प्राकृत-भाषा के **१—पालि, २—पैशाची, ३—चूलिका-पैशाची, ४—अर्धमागधी, ५—जैन-महाराष्ट्री, ६—शौरसेनी, ७—मागधी, ८—महाराष्ट्री** और **९—अपभ्रंश** ये नौ प्रकार उपलब्ध होते हैं। इनकी अर्थ-विचारणा इस प्रकार है—

**१—पालि**। कुछ विद्वानों के मत में **पालि** शब्द **पल्लि** शब्द से निष्पन्न हुआ है। पल्लि गांव का नाम है। इस तरह गावों में बोली जाने वाली ग्राम्य भाषा **पालि** कहलाती है। कुछ विद्वानों के मतानुसार **पालि** शब्द **पंक्ति** से बना है। प्राचीन बौद्ध लेखक धर्मशास्त्र की वचनपङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग किया करते थे। इसके अनन्तर बौद्ध धर्मशास्त्रों की भाषा का नाम **पालि** ही पड़ गया। हीनयान बौद्धों के धर्मग्रन्थों की भाषा पालि है।

१०८२—अपभ्रंश-भाषा में पद के अन्त में विद्यमान **उं, हुं, हिं** और **हं** इन शब्दों के उच्चारण में प्रायः लाघव होता है। अर्थात्-अपभ्रंश भाषा में उं, हुं, हिं और हं इनका अनुस्वार अनुनासिक हो जाता है। ध्यान रहे कि अनुस्वार को गुरु माना जाता है और अनुनासिक को लघु। अतः उच्चारण के लाघव का अर्थ है—उस का ह्रस्व बन जाना। जैसे १—**अन्यद् यत् तुच्छकं तस्याः धन्यायाः**=अन्नु जु तुच्छउँ, तहें धणहे [उन नायिका का अन्य जो तुच्छ है], २—**बलि क्रिये सुजनस्य**=बलि किज्जउँ सुअणस्सु [सज्जन पुरुष के मैं बलिहारी जाती हूं], ३—**दैवं घटयति वने तरूणाम्**=दइउ घडावइ वणि तरुहुँ [वन में पक्षियों के लिए दैव-भाग्य वृक्षों के फल पैदा कर देता है], ४—**तरुभ्योऽपि वल्कलम्**=तरुहुँ वि वक्कलु [वृक्षों से छाल भी], ५—**खड्ग-विसाधितं यस्मिन् लभामहे**=खग्ग-विसाहिउ जहिँ लहहुं [जिस देश में तलवार से विसाधित-कमाया हुआ, प्राप्त करते हैं], ६—**तृणानां तृतीया भङ्गी नाऽपि**=तणहँ तइज्जी भङ्गि न वि [तिनकों की तीसरी अवस्था नहीं है] यहां पर—१—**तुच्छकम्**=तुच्छउँ, तथा **क्रिये**=किज्जउँ,इन पदों में '**उँ**' के,२ —**तरूणाम्**=तरुहुँ, इस पद में **हुं** के तथा ३—**तृणानाम्**=तणहँ, इन पदों में **हं** के उच्चारण में लाघव लाया गया है। प्रायः [बहुल] का अधिकार होने से लहहुं यहां पर प्रस्तुतसूत्र की प्रवृत्ति नहीं हो सकी।

१०८३—अपभ्रंश-भाषा में '**म्ह**' इस के स्थान में **मकाराक्रान्त** [मकार से युक्त] **भकार** अर्थात् 'म्भ' यह आदेश विकल्प से होता है। वृत्तिकार फरमाते हैं कि ३४५ सूत्र से क्ष्म, श्म, ष्म और स्म आदि संयुक्त व्यञ्जनों के स्थान में होने वाले 'म्ह' इस आदेश का यहां पर ग्रहण किया जाता है,क्योंकि संस्कृतभाषा में 'म्ह' यह संयुक्तवर्ण सम्भव ही नहीं है। जैसे—१—**ग्रीष्मः**=गिम्हो=गिम्भो (गरमी की ऋतु),और २—**श्लेष्मा**=सिम्हो=सिम्भो (बलग़म) इन पदों में '**म्ह**' के स्थान में '**म्भ**' यह आदेश किया गया है।

**ब्रह्मन्! ते विरलाः केऽपि नराः ये सर्वाङ्ग-छेकाः।**
**ये वक्राः ते वञ्चकतराः, ये ऋजवः ते बलीवर्दाः॥१॥**

**अर्थात्**—हे ब्राह्मण! ऐसे मनुष्य संसार में बहुत कम हैं, जो सर्वप्रकार से दक्ष [चतुर] हों, **क्योंकि** जो वक्र हैं, वे तो वञ्चक [धोखा देने वाले] हैं, **और** जो ऋजु-सरल हैं, वे बलीवर्द-बैल के समान हैं, मूर्ख हैं। यहां पर—**ब्रह्मन्**!=वम्ह!=वम्भ! [हे ब्राह्मन्] इस पद के '**म्ह**' को '**म्भ**' यह आदेश किया गया है।

१०८४—अपभ्रंशभाषा में **अन्यादृश** इस शब्द के स्थान में **अन्नाइस** और **अवराइस** ये दो आदेश होते हैं। जैसे—**अन्यादृशः**=अन्नाइसो, अवराइसो [औरों जैसा] यहां पर **अन्यादृश** शब्द के स्थान में **अन्नाइस** और **अवराइस** ये दो आदेश किए गए हैं।

१०८५—अपभ्रंशभाषा में "**प्रायः**" इस अव्ययपद के स्थान में **प्राउ, प्राइव, प्राइम्व** और **पगिम्व** ये चार आदेश होते हैं। जैसे—

**अन्ये ते दीर्घे लोचने, अन्यद् तद् भुज-युगलम्।**
**अन्यः स घन-स्तन-भारः, तदन्यदेव मुख-कमलम्॥**
**अन्यः स केश-कलापः सोऽन्य एव प्रायो विधिः।**
**येन नितम्बिनी घटिता, सा गुण-लावण्य-निधिः॥१॥**

**अर्थात्**– वे विशाल नेत्र, वह भुज-युगल [भुजाओं का जोड़ा], वह घन-स्तन-भार [घन-कसे हुए, स्तनों का भार-बोझ], वह मुख-कमल और वह केश-कलाप [बालों का ढेर] अन्य है, अर्थात् असाधारण [विलक्षण] ही है। यहां तक कि वह विधि [भाग्य] भी अन्य [और] ही है जिस ने कि गुणों और लावण्य की निधिस्वरूप उस नितम्बिनी [बड़े और सुन्दर नितम्बों वाली स्त्री] की रचना की है। यहां पर '**प्रायः**' इस अव्ययपद के स्थान में 'प्राउ' यह आदेश किया गया है। '**प्राइव**' आदेश का **उदाहरण**—

**प्रायो मुनीनामपि भ्रान्तिः, तेन मणिकान् गणयन्ति।**
**अक्षये, निरामये परमपदे, अद्याऽपि लयं न लभन्ते ॥२॥**

**अर्थात्**—मुनिजनों को भी प्रायः भ्रान्ति बनी हुई है, इसी लिए वे माला के मणिकों [मनकों] को गिनते हैं, अर्थात् मालाएं फेरते हैं। इन मुनियों ने अभी तक अक्षय और निरामय [रोग-रहित] परमपद में लीनता को प्राप्त नहीं किया। यहां पर '**प्रायः**' इस पद के स्थान में '**प्राइव**' यह आदेश किया गया है। '**प्राइम्व**' का **उदाहरण**—

**अश्रुजलेन प्रायः गौर्याः सखि ! उद्वृत्ते नयनसरसी।**
**ते सम्मुखे सम्प्रेषिते दत्तः तिर्यग् घातं परम् ॥३॥**

**अर्थात्**—हे सखि ! गौरी के नयन-रूप सरोवर यद्यपि अश्रुजल से उद्वृत्त हैं, अर्थात् उछल रहे हैं, फिर भी वे किसी कामुक व्यक्ति के सन्मुख प्रेषित किए गए तिर्यक् [टेढा] एवं विलक्षण घात कर डालते हैं। अकथनीय दुःख पहुंचाते हैं। भाव यह है कि पति-विरह-जन्य दुःख से व्याकुल सुन्दरी अश्रु पूर्ण नयनों से भी यदि किसी कामी व्यक्ति को निहारती है तब भी उसके विकार-पूर्ण नयन उस कामुक व्यक्ति को परिव्यथित कर देते हैं। इसके विपरीत, यदि वह सुन्दरी प्रसन्न नयनों द्वारा किसी कामुक व्यक्ति को देख ले तब तो उस व्यक्ति की दुर्दशा का कहना ही क्या है? यहां पर **प्रायः** इस अव्ययपद के स्थान में प्रस्तुतसूत्र से **प्राइम्व** यह आदेश किया गया है। **पग्गिम्व** का **उदाहरण**—

**एष्यति प्रियः रोषिष्यामि, अहं रुष्टां मामनुनयति।**
**प्रायः एतान् मनोरथान् दुष्करान् दयिता करोति ॥४॥**

**अर्थात्**—प्रीतम जायगा, मैं रुष्ट हो जाऊंगी, रुष्ट हुई मुझ को वह मनायगा, इस प्रकार के दुष्कर [जिन का पूर्ण होना कठिन हो] मनोरथों को प्रायः दयिता [नायक की प्रिय नायिका] ही किया करती है। यहां पर '**प्रायः**' इस अव्ययपद के स्थान में '**पग्गिम्व**' यह आदेश किया गया है।

१०८६—अपभ्रंश भाषा में '**अन्यथा**' इस अव्ययपद के स्थान में '**अनु**' यह आदेश विकल्प से किया जाता है। जैसे—

**विरहाऽनल-ज्वाला-करालितः पथिकः कोऽपि मङ्क्त्वा स्थितः।**
**अन्यथा शिशिरकाले शीतलजलाद् धूमः कुतः उत्थितः ॥१॥**

**अर्थात्**—प्रतीत होता है कि विरहाऽग्नि की ज्वालाओं से दग्ध कोई पथिक डुबकी लगाए हुए जल में स्थित है, यदि ऐसा न होता तो शिशिर काल [माघ और फाल्गुण मास] में शीतल जल से धूआँ कैसे निकलता? यहां पर **अन्यथा** इस अव्ययपद के स्थान में '**अनु**' यह आदेश विकल्प से किया गया है। आदेश के अभावपक्ष में-**अन्यथा**=अन्नह [नहीं तो] यह रूप बनता है।

१०८७—अपभ्रंश-भाषा में "**कुतः**" इस अव्ययपद के स्थान में **कउ** और **कहन्तिहु** ये दो

आदेश होते हैं। जैसे—

**मम कान्तस्य गोष्ठस्थितस्य कुतः कुटीरकाणि वलन्ति।**
**अथ रिपुरुधिरेण विध्यापयति अथ आत्मना, न भ्रान्तिः ॥१॥**

**अर्थात्**—गोष्ठ [गोशाला, अहीरों का अड्डा, जमाव] में स्थित होने पर भी मेरे प्रिय के कुटीरक [छोटी कुटियाएं] क्यों जल रहे हैं ? यदि ये किसी शत्रु ने जलाए हैं तो वह स्वयं रिपु के रुधिर से उन्हें बुझाएगा। अथवा अपने आप ही ये जल रहे हैं तो भी यह बिना किसी से सहायता लिए अपने आप ही इन को बुझा डालेगा, इस में कोई भ्रान्ति [सन्देह] नहीं करनी चाहिए।

यहां पर '**कुतः**' इस अव्ययपद के स्थान में '**कउ**' यह आदेश किया गया है। **कहन्तिहु** का **उदाहरण—धूमः कुतः उत्थितः**=धूमु कहन्तिहु उट्ठिअउ [धूआं कहां से उठा हुआ है] यहां पर '**कुतः**' इस अव्ययपद के स्थान में '**कहन्तिहु**' यह आदेश किया गया है।

१०८८—अपभ्रंश-भाषा में **ततः** और **तदा** इन शब्दों के स्थान में '**तो**' यह आदेश किया जाता है। जैसे—

**यदि भग्नाः परकीयाः ततः सखि ! मम प्रियेण।**
**अथ भग्ना अस्माकं सम्बन्धिनः तदा तेन मारितेन ॥१॥**

इस श्लोक का अर्थ १०५० वें सूत्र के दूसरे श्लोक में दिया जा चुका है। यहां पर '**ततः**' इस अव्ययपद के स्थान में '**तो**' यह आदेश किया गया है।

**१०८९**—अपभ्रंश-भाषा में सूत्रोक्त **१—एवम्, २—परम्, ३—समम्, ४—ध्रुवम्, ५—मा,** और **६—मनाक्** इन पदों के स्थान में क्रमशः **१—एम्व, २—पर, ३—समाणु, ४—ध्रुवु, ५—मं** और **६—मणाउं** ये आदेश होते हैं। **एवम्** के स्थान में होने वाले **एम्व** का **उदाहरण**—

**प्रियसंगमे कुतः निद्रा, प्रियस्य परोक्षस्य कथम्।**
**मया द्वे अपि विनाशिते, नैवं न तथा ॥१॥**

**अर्थात्**—प्रीतम का संगम होने पर निद्रा कहां ? और उस के परोक्ष [वियोग] में भी निद्रा कहां ? दोनों प्रकार से मेरी निद्रा का नाश हो चुका है। भाव यह है कि न निद्रा इस तरह [पति की उपस्थिति में] आती है, और नांही उस तरह [पति के विरह-काल में] निद्रा की स्थिति बनती है। यहां पर—'**एवम्**' [इस प्रकार] इस अव्ययपद के स्थान पर **एम्व** यह आदेश किया गया है। **परम्** के स्थान में किए **पर** आदेश का **उदाहरण—गुणैः न सम्पत् कीर्तिः परम्**=गुणहि न संपइ कित्ति पर [गुणों से सम्पत्ति नहीं, किन्तु कीर्ति मिलती है] यहां पर '**परम्**' के स्थान में '**पर**' यह आदेश किया गया है। **समम्** के स्थान में किए गए **समाणु** का **उदाहरण**—

**कान्तो यत् सिंहस्य उपमीयते तन्मम खण्डितः मानः।**
**सिंहः नीरक्षकान् गजान् हन्ति प्रियः पद-रक्षैः समम् ॥२॥**

**अर्थात्**—मेरे प्रीतम को जो सिंह से उपमा दी गई है, इस से मेरा मान खण्डित हुआ है क्योंकि सिंह तो नीरक्षक [जिस का कोई रक्षक न हो] हाथियों को ही मारता है, किन्तु मेरा प्रीतम पदातियों [पैदल सेना] से रक्षित हाथियों को मारता है। यहां पर—**समम्** [साथ] इस पद को **समाणु** यह आदेश किया गया है। **ध्रुवम्** के स्थान में किये गए **ध्रुवु** आदेश का **उदाहरण**—

**चञ्चलं जीवितं, ध्रुवं मरणं, प्रिय ! रुष्यते किम्।**
**भविष्यन्ति दिवसाः रोषणस्य दिव्यानि वर्षशतानि ॥३॥**

**अर्थात्**—हे प्रिय ! जीवन चञ्चल है, अस्थिर है, और मृत्यु ध्रुव-निश्चित है, अतः तू क्यों रुष्ट हो रहा है। रोषयुक्त व्यक्ति के थोडे दिन भी सैंकडों दिव्य [स्वर्गीय] वर्षों के समान हो जाएंगे। भाव यह है कि दुःखी जन को कुछ दिन भी सैंकड़ों वर्षों तुल्य प्रतीत होते हैं। यहां पर '**ध्रुवम्**' इस पद के स्थान पर '**ध्रुवु**' यह आदेश किया गया है। '**मा**' के स्थान में किए गए '**मं**' इस आदेश का **उदाहरण - मा धन्ये ! कुरु विषादम्**=मं धणि ! करहि विसाउ [हे सुन्दरि ! विषाद मत कर] यहां पर '**मा**' को '**मं**' यह आदेश किया गया है। प्रस्तुत सूत्र में १००० वें सूत्र से **प्रायः** [बहुल] इस पद की अनुवृत्ति आने से कहीं पर '**मा**' के स्थान में '**मं**' यह आदेश नहीं भी होता। जैसे—

**माने प्रणष्टे यदि न तनु, तदा देशं त्यज।**
**मा दुर्जन-कर-पल्लवैः दर्श्यमानः भ्राम्य ॥४॥**

**अर्थात्**—स्वाभिमान के नष्ट हो जाने पर यदि शरीर नहीं तो देश को अवश्य छोड देना चाहिए, क्योंकि दुर्जनों से कर-पल्लवों [कर रूपी पल्लव-कोंपल] द्वारा दिखाए जाते हुए व्यक्ति का भ्रमण करना सर्वथा अनुचित है। यहां पर '**मा**' इस पद के स्थान में **मं** यह आदेश नहीं हो सका।

**लवणं विलीयते पानीयेन अरे ! खलमेघ मा गर्ज !।**
**वालितं गलति तत्कुटीरकं गौरी तिम्यति अद्य ॥५॥**

**अर्थात्**—अरे दुष्ट मेघ ! तू आज गरजना मत कर, क्योंकि पानी से लवण-लावण्य [सौन्दर्य] विलीन (नष्ट) हो रहा है और जलाया हुआ कुटीर गल रहा है तथा गौरी [सुन्दरी] वासनाजन्य अन्तर्वेदना से पीडित हो रही है। यहां पर भी '**मा**' इस अव्ययपद के स्थान मे '**मं**' यह आदेश नहीं हो सका। **मनाक्** के स्थान में किए गए '**मणाउं**' इस **आदेश** का **उदाहरण**—

**विभवे प्रणष्टे वक्रः ऋद्धिभिः जन-सामान्यः।**
**किमपि मनाक् मम प्रियस्य शशी अनुहरति नाऽन्यः ॥६॥**

**अर्थात्**—वैभव के नष्ट हो जाने पर मेरा प्रीतम वक्र और ऋद्धि के होने पर जनसामान्य की भाँति चलता है। अर्थात् वक्रता से रहित हो जाता है। मेरे प्रिय की इस स्थिति का चन्द्रमा ही कुछ-कुछ अनुकरण करता है, अन्य कोई नहीं। यहां पर '**मनाक्**' इस अव्ययपद के स्थान में '**मणाउं**' यह आदेश किया गया है।

१०६०—अपभ्रंशभाषा में—१—**किल**, २—**अथवा**, ३—**दिवा**, ४—**सह** और ५—**नहि** इन शब्दों के स्थान में क्रमशः १—**किर**, २—**अहवइ**, ३—**दिवे**, ४—**सहुं** और ५—**नाहिं** ये आदेश होते हैं। **किल के** स्थान में किए गए '**किर**' का **उदाहरण**—

**किल खादति, न पिबति, न विद्रवति, धर्मे न व्ययति रूप्यम्।**
**इह कृपणो न जानाति यथा यमस्य क्षणेन प्रभवति दूतः ॥१॥**

**अर्थात्**—निश्चय ही कृपण व्यक्ति न तो कुछ खाता है, न पीता है, न धर्म में ही रुपया दान करता है, और नांही [अन्य किसी कार्य में] व्यय करता है, क्योंकि वह नहीं जानता कि यम का दूत क्षणभर में अपना प्रभुत्व जमा लेगा। तात्पर्य यह है कि व्यक्ति किसी भी क्षण मृत्यु के मुंह में जा सकता है, तथापि वह अपना हानिलाभ सोचने का यत्न नहीं करता। यहां पर '**किल**' के स्थान में '**किर**' यह आदेश किया गया है। **अथवा** के स्थान में किए गए '**अहवइ**' इस आदेश का **उदाहरण**—**अथवा न सुवंशानामेष दोषः**=अहवइ न सुवंसहं एह खोडि [अथवा अच्छे वंश वालों का यह दोष नहीं

है] यहां पर '**अथवा**' इस अव्ययपद को '**अहवइ**' यह आदेश किया गया है। प्रस्तुत सूत्र में "१००० वें सूत्र में पठित '**प्रायः** [बहुल]' इस पद का अधिकार [अनुवृत्ति] होने से" कहीं पर **अथवा** के स्थान में '**अहवइ**' यह आदेश नहीं भी होता। जैसे—

**यायते (गम्यते) तस्मिन् देशे, लभ्यते प्रियस्य प्रमाणम्।**
**यदि आयाति तदा आनीयते, अथवा तदेव (तत्रैव) निर्वाणम्॥२॥**

**अर्थात्** जिस देश में प्रीतम का प्रमाण [चिन्ह] मिलेगा उस देश में जाऊंगी, यदि वह आएगा तो ले आऊंगी, यदि वह नहीं आयगा तो वहीं पर निर्वाण [मृत्यु] को प्राप्त हो जाऊंगी। यहां पर '**अथवा**' के स्थान में '**अहवइ**' यह आदेश नहीं हो सका। **दिवा** के स्थान में किए गए **दिवे** इस आदेश का **उदाहरण-दिवा दिवा गङ्गा-स्नानम्**=दिवि-दिवि गङ्गा-ण्हाणु [प्रतिदिन गङ्गास्नान है] यहां पर '**दिवा**' के स्थान में '**दिवे**' यह आदेश किया गया है। '**सह**' के स्थान किए '**सहु**' का **उदाहरण**—

**यतः प्रवसता सह न गता, न मृता वियोगेन तस्य।**
**लज्ज्यते सन्देशान् ददतीभिः सुभग-जनस्य॥३॥**

**अर्थात्** न तो मैं प्रवास [विदेश-गमन] करते हुए के साथ गई और नाँही मैं उस के वियोग में मरी, अतः अब सौभाग्यशाली प्रिय को सन्देश देती हुई मुझ को लज्जा आ रही है। यहां पर '**सह**' के स्थान में '**सहुं**' यह आदेश किया गया है। **नहि** के स्थान में कृत '**नाहिं**' इस आदेश का **उदाहरण**—

**इतः मेघाः पिबन्ति जलम्, इतः बडवानलः आवर्तते।**
**प्रेक्षस्व गभीरिमाणं सागरस्य, एकाऽपि कणिका नहि अपभ्रश्यते॥४॥**

**अर्थात्** -इधर तो बादल पानी पी रहे हैं और उधर बडवानल (समुद्र की आग) पानी को शोषित कर रहा है, फिर भी पानी की एक बून्द भी उसमें से कम नहीं होती। समुद्र की इस गम्भीरता को देखो। यहां पर '**नहि**' इस अव्ययपद के स्थान में '**नाहिं**' यह आदेश किया गया है।

१०६१ -अपभ्रंश-भाषा में—१—**पश्चात्**, २—**एवमेव**, ३—**एव**, ४—**इदानीम्**, ५—**प्रत्युत** और ६ -**इतस्**, इन शब्दों के स्थान में क्रमशः—१—**पच्छइ**, २—**एम्वइ**, ३—**जि**, ४—**एम्वहिं**, ५—**पच्चलिउ** और ६—**एत्तहे** ये आदेश होते हैं। **पश्चात्** के स्थान में किए गए **पच्छइ** इस आदेश का **उदाहरण -पश्चात् भवति विभातम्**=पच्छइ होइ विहाणु, इन पदों का अर्थ १०३३ वें सूत्र में लिखा जा चुका है। यहां **पश्चाद्** के स्थान में '**पेच्छइ**' यह आदेश किया गया है। **एवमेव** के स्थान में किए **एम्वइ** का **उदाहरण -एवमेव सुरतं समाप्तम्**=एम्वइ सुरउ समत्तु [इसी तरह सम्भोग समाप्त हो गया] यहां पर **एवमेव** इस पद के स्थान में **एम्वइ** यह आदेश किया गया है। **एव** शब्द के स्थान में किए गए **जि** इस आदेश का **उदाहरण** इस प्रकार है—

**यातु मा यान्तं पल्लवत द्रक्ष्यामि पदानि ददाति।**
**हृदये तिर्यग् अहमेव परं प्रियः डम्बराणि करोति॥१॥**

**अर्थात्**—हे सखि! मेरे प्रीतम को जाने दो, जाते हुए का पल्ला मत पकडो, मैं देखूंगी कि वह कितने पग जाता है? उस के हृदय में तो मैं ही छिपी हुई हूं, ऐसी स्थिति में वह जा ही नहीं सकता, वह मेरा प्रिय केवल जाने का आडम्बर करता है। यहां पर '**एव**' इस पद को '**जि**' यह आदेश किया गया है। **इदानीम्** के स्थान में किए गए '**एम्वहिं**' आदेश का **उदाहरण**—

**हरि नर्तितः प्राङ्गणे, विस्मये पातितः लोकः।**
**इदानीं राधा-पयोधरयोः, यद् भाति तद् भवतु॥२॥**

**अर्थात्**—प्राङ्गण [आँगन] में हरि को नचाया गया है, और सब लोगों को विस्मय में डाल दिया गया है,अब राधा के पयोधरों को जो अच्छा लगता है,वह हो। भाव यह है कि पाताल के राजा बलि के बढते हुए प्रभाव को रोकने के लिए विष्णु भगवान को वामन अवतार धारण करना पड़ा। एक पाँव से तीन लोक को आवृत कर लेने के कारण समस्त संसार आश्चर्य-चकित रह गया। भगवान को वामन रूप में देखकर राधा के मन में कामवासना अँगडाइए लेने लगीं। यहां पर '**इदानीम्**' इस अव्ययपद के स्थान में '**एम्वहिं**' यह आदेश किया गया है। **प्रत्युत** इस अव्ययपद के स्थान में किए गए '**पच्चलिउ**' इस आदेश का **उदाहरण**—

**सर्वलावण्या गौरी नवा काऽपि विषग्रन्थिः।**
**भटः प्रत्युत स म्रियते यस्य न लगति कण्ठे ॥३॥**

**अर्थात्**—सर्व प्रकार के लावण्य से युक्त गौरी [गौर वर्ण वाली नायिका] कोई नवीन ही विषग्रन्थि [विष की गाँठ] है, क्योंकि जिस योद्धा के कण्ठ में यह नहीं लगी, वह योद्धा भी मारा जा रहा है। तब जिस के कण्ठ का यह स्पर्श करती है, उसकी मरणदशा का तो कहना ही क्या है? यहां पर—'**प्रत्युत**' के स्थान '**पच्चलिउ**' यह आदेश किया गया है। **इतः** के स्थान में किए **एत्तहे** का **उदाहरण**—**इतः मेघाः पिबन्ति जलम्**=एत्तहें मेह पिअन्ति जलु [इधर मेघ पानी पी रहे हैं] यहां पर **इतः** इस अव्ययपद के स्थान में '**एत्तहे**' यह आदेश किया गया है।

१०९२—अपभ्रंश भाषा में **१—विषण्ण, २—उक्त** और **३—वर्त्म** इन तीन शब्दों के स्थान में क्रमशः **१—वुन्न, २—वुत्त** और **३—विच्च** ये तीन आदेश होते हैं। **विषण्ण** के स्थान में किए गए **वुन्न** इस आदेश का **उदाहरण** इस प्रकार है। जैसे—

**मया उक्तं त्वं धुरा धर, गलिवृषभैः विगुप्तानि।**
**त्वया विना धवल ! नाऽऽरोहति भरः एवमेव विषण्णः किम् ? ॥१॥**

**अर्थात्**—मैंने तुझे कहा है कि तू धुरा को धारण कर, गलिवृषभों [शक्ति के चोर बैलों] के द्वारा हम बिडम्बित हो चुके हैं। हे धवल [श्वेत] वृषभ ! तेरे बिना यह भार नहीं उठाया जा सकेगा, अतः अब तू व्यर्थ ही विषण्ण [विषादयुक्त] क्यों हो रहा है? यहां पर '**विषण्ण**' शब्द के स्थान में '**वुन्न**' यह आदेश किया गया है। '**उक्त**' के स्थान में किए गए '**वुत्त**' आदेश का **उदाहरण—मया उक्तम्**=मइं वुत्तउं [मैंने कहा है] यहां '**उक्त**' के स्थान में '**वुत्त**' यह आदेश किया गया है। '**वर्त्म**' के स्थान में किये गए'**विच्च**'इस आदेश का **उदाहरण—येन मनो वर्त्मनि न माति**=जें मणु विच्चि न माइ [क्योंकि मन मार्ग में समाता नहीं है] यहां पर '**वर्त्म**' के स्थान में **विच्च** यह आदेश किया गया है।

१०९३—अपभ्रंश-भाषा में **शीघ्र** आदि शब्दों के स्थान में '**वहिल्ल**' आदेश आदि होते हैं। **१—शीघ्र** के स्थान में किए गए '**वहिल्ल**' आदेश का **उदाहरण**—

**एकं कदा ह ! अपि नाऽऽयासि, अन्यत् शीघ्रं यासि।**
**मया मित्र ! प्रमाणितः, त्वया यादृशः खलः नहि ॥१॥**

**अर्थात्**—हे मित्र ! पहिले तो तू कभी आता ही नहीं है, यदि आता भी है तो शीघ्र ही चला जाता है, मुझे यह प्रमाणित हो गया है कि तेरे जैसा दुष्ट कोई नहीं है। यहां पर '**शीघ्र**' के स्थान में '**वहिल्ल**' यह आदेश किया गया है। **२—कलह** के स्थान में किए गए '**घङ्घल**' आदेश का **उदाहरण**—

**यथा सुपुरुषाः तथा कलहाः, यथा नद्यः तथा वलनानि।**
**यथा पर्वताः तथा कोटराणि, हृदय ! खिद्यसे किम् ॥२॥**

**अर्थात्**—जैसे सत्पुरुष वैसे कलह। अर्थात् सत्पुरुषों के साथ क्लेश लगे हुए हैं। जैसे—नदियां, वैसे वलन-मोड़ तोड़। अर्थात् नदियों में बहुत मोड़-तोड़ होते हैं। जैसे पर्वत वैसे कोटर। अर्थात् पर्वतों में कोटर-गढहे बहुत होते हैं। अतः हे हृदय! तू खिन्न क्यों हो रहा है? यहां पर "**कलह**" के स्थान '**घङ्घल**' यह आदेश किया गया है। ३—**अस्पृश्य-संसर्ग** इस शब्द के स्थान में किए गए '**विट्टाल**' इस आदेश का **उदाहरण** इस प्रकार है—

**ये मुक्त्वा रत्ननिधिं, आत्मानं तटे क्षिपन्ति।**
**तेषां शङ्खानामस्पृश्यसंसर्गः, परं फूत्कुर्वाणाः भ्रमन्ति ॥३॥**

**अर्थात्**—जो शङ्ख रत्नाकर-समुद्र को छोड़कर अपने आप को तट पर फेंक देते हैं, उन शङ्खों को अस्पृश्य-संसर्ग [जिन का संसर्ग-सहवास अस्पृश्य है,करने योग्य नहीं है, ऐसे अधमजन] बजाते हुए भ्रमण करते रहते हैं। अर्थात्-समुद्र को छोड़कर शङ्ख नीचजनों के संसर्ग से नीच हो जाते हैं। यहां पर—'**अस्पृश्य-संसर्ग**' इस शब्द के स्थान में '**विट्टाल**' यह आदेश किया गया है। ४—**भय** इस शब्द स्थान में किए गए **द्रवक्क** इस आदेश का **उदाहरण**—

**दिवैः (दिवसैः) अर्जितं खाद मूढ !, संचिनु मा एकमपि द्रम्मम्।**
**किमपि भयं तत् पतति येन समाप्यते जन्म ॥४॥**

**अर्थात्**—हे मूढ! बहुत दिनों से जो धन उपार्जित किया गया है,उसका उपभोग कर,उसमें से एक भी द्रम्म [प्राचीन सिक्का या नाप, तौलविशेष] का संग्रह मत कर, क्योंकि कोई उस तरह का भय (बीमारी, रोग या डर) आ जायगा कि जिस से यह जीवन ही समाप्त हो जायेगा। यहां पर **भय** के स्थान में **द्रवक्क** यह आदेश किया गया है। ५—**आत्मीय** शब्द के स्थान में विहित **अप्पण** इस आदेश का **उदाहरण-स्फोटयतः यौ हृदयमात्मीयम्**=फोडेन्ति जे हिअडउं अप्पणउं (जो दोनों अपने हृदय को फोड़ डालते हैं) यहां पर **आत्मीय** इस शब्द के स्थान में **अप्पण** यह आदेश किया गया है। ६—**दृष्टि** इस शब्द के स्थान में किए गए **द्रेहि** इस आदेश का **उदाहरण**—

**एकमेकं यद्यपि पश्यति हरिः सुष्ठु सर्वादरेण।**
**ततोऽपि दृष्टिः यस्मिन् कस्मिन् अपि राधा॥**
**कः शक्नोति संवरीतुं दृढनयने स्नेहेन पर्यस्ते ॥५॥**

**अर्थात्**—हरि [कृष्ण] यद्यपि प्रत्येक को बड़े आदर के साथ देखते हैं, तथापि उन की दृष्टि वहीं पर पड़ती है, जहां कि राधा होती है। स्नेह से परिपूर्ण नेत्रों को भला कौन नियंत्रित कर सकता है? अर्थात् कोई नहीं। यहां पर '**दृष्टि**' इस शब्द के स्थान में '**द्रेहि**' यह आदेश किया गया है। ७—**गाढ** [अतिशय, दृढ] के स्थान में विहित '**निच्चट्ट**' इस आदेश का **उदाहरण**—

**विभवे कस्य स्थिरत्वम्?, यौवने कस्य गर्वः?।**
**सः लेखः प्रस्थाप्यते, यः लगति गाढम् ॥६॥**

**अर्थात्**—विभव-धन किस का स्थिर है? अर्थात्—किसी का नहीं, और यौवन पर कौन गर्व [मान] कर सकता है? अर्थात्—कोई नहीं। यह वस्तुस्थिति है, तथापि उस व्यक्ति ने यौवन और वैभव का अभिमान-सूचक जो लेख भेजा है,वह गाढ [अतिशयोक्ति पूर्ण] प्रतीत होता है। यहां पर—'**गाढ**' इस शब्द के स्थान में '**निच्चट्ट**' यह आदेश किया गया है। ८—'**साधारण**' इस शब्द के स्थान में किए गए '**सड्ढल**' इस आदेश का **उदाहरण**—

**कुत्र शशधरः, कुत्र मकरधरः,कुत्र बर्हिणः ? कुत्र मेघः ? ।**
**दूरस्थितानामपि सज्जनानां, भवति असाधारणः स्नेहः ॥७॥**

**अर्थात्**—कहां तो शशधर-चन्द्रमा, और कहां मकरधर-समुद्र ? कहां बर्हिण-मोर और कहां मेघ-बादल ? तथापि इन में अद्भुत प्यार पाया जाता है। वस्तुतः दूर-स्थित होने पर भी सज्जनों का स्नेह असाधारण [जो साधारण न हो] ही होता है। यहां पर **साधारण** शब्द के स्थान में **'सड्ढल'** यह आदेश किया गया है। ९—**कौतुक** [कुतूहल, उत्सव, हर्ष, आमोद-प्रमोद, हंसीमज़ाक] इस शब्द के स्थान में किए गए **'कोड्डु'** इस आदेश का **उदाहरण**—

**कुञ्जरोऽन्येषां तरुवराणां, कौतुकेन क्षिपति हस्तम् ।**
**मनः पुनः एकस्यां सल्लक्यां, यदि पृच्छथ परमार्थम् ॥८॥**

**अर्थात्**—कुञ्जर [हाथी] अन्य वृक्षों पर भी बडे कौतुक-हर्ष के साथ सूण्ड को फैंकता है, घिसाता है, परन्तु यदि सच पूछो तो उसका मन तो केवल सल्लकि [वृक्ष-विशेष, जो हाथी को अत्यधिक प्रिय होता है] में ही रहता है। यहां पर **'कौतुक'** इस शब्द के स्थान में **'कोड्डु'** यह आदेश किया गया है। १०—**क्रीडा** [खेल] के स्थान में विहित **'खेड्डु'** इस आदेश का **उदाहरण**—

**क्रीडा कृता अस्माभिः, निश्चयं किं प्रकथयत ? ।**
**अनुरक्ताः भक्ताः, अस्मान् मा त्यज स्वामिन् ! ॥९॥**

**अर्थात्**—हम ने तो केवल क्रीडा [उपहास] की थी, आप इसे निश्चय क्यों मान रहे हैं ? हम तो आप के अनुरागी [स्नेही] एवं भक्त [भक्ति रखने वाले] व्यक्ति हैं। इसलिए हे स्वामिन् ! हम स्नेही और भक्त जनों को मत छोडो। यहां पर **'क्रीडा'**, शब्द के स्थान में **'खेड्डु'** यह आदेश किया गया है। ११—**रम्य** (सुन्दर) के स्थान में किए गए **'रवण्ण'** इस आदेश का **उदाहरण**—

**सरिद्भिः न, सरोभिः न, सरोवरैः नाऽपि उद्यान-वनैः ।**

**देशाः रम्याः भवन्ति मूढ !, निवसद्भिः सुजनैः ॥१०॥**

**अर्थात्** हे मूर्ख ! नदियों से, सरों [जलप्रपातों-जल के झरणों] से, सरोवरों [झीलों] से, उद्यानों से तथा वनों से देश रमणीक नहीं होते किन्तु वहां रहने वाले सुजनों [श्रेष्ठ पुरुषों] से ही वे रमणीक बन सकते हैं। यहां पर **'रम्य'** शब्द के स्थान में **'रवण्ण'** यह आदेश किया गया है। १२—**अद्भुत** [अपूर्व] इस शब्द के स्थान में विहित **'ढक्करि'** इस आदेश का **उदाहरण**—

**हृदय ! त्वया एतत् कथितं, मम अग्रतः शतवारम् ।**
**स्फुटिष्यामि प्रिये प्रवसति अहं भण्ड ! अद्भुतसार !॥११॥**

**अर्थात्** हे हृदय रूप भण्ड ! तू मेरे आगे सौ वार कह चुका है कि प्रिय के प्रवास करते ही मैं फूट जाऊंगा, अतः हे अद्भुतसार [अद्भुक्त-विलक्षण सार [शक्ति या परिणाम] वाला] भण्ड ! अब तू फूट जा। भाव यह है कि हे हृदयभण्ड ! तू महान कठोर है, जो प्रियतम के प्रदेश चले जाने पर भी फूट नहीं पाया। यहां पर 'अद्भुत' इस शब्द के स्थान में **'ढक्करि'** यह आदेश किया गया है। १३—**"हे सखि !"** इन पदों के स्थान में किए गए **'हेल्लि !'** इस आदेश का **उदाहरण—सखि ! मा उपालम्भस्व अलीकम्**=हेल्लि ! म झङ्खहि आलु [हे सखि ! झूठा उपालंभ मत दे] यहां पर **'हे सखि !'** इन पदों के स्थान में **'हेल्लि !'** यह आदेश किया गया है। १४—**"पृथक् पृथक्"** इन पदों के स्थान में किए जाने वाले **'जुअंजुअ'** इस आदेश का **उदाहरण**—

**एका कुटी पञ्चभिः रुद्धा, तेषां पञ्चानामपि पृथक्-पृथक् बुद्धिः।**
**भगिनि! तद् गृहं कथय, कथं नन्दतु यत्र कुटुम्बमात्मनन्दकम्॥१२॥**

**अर्थात्**—कुटिया एक है, किन्तु पांचों ने उसे रोक रखा है, फिर इन पांचों की बुद्धि भी पृथक्-पृथक् (अलग-अलग) है। हे बहिन! तू ही बतला, उस घर की वृद्धि कैसे हो सकती है, जिस में रहने वाला कुटुम्ब स्वच्छन्द हो, स्वेच्छाचारी हो? भाव यह है कि एकता को ही ऋद्धि, वृद्धि और सम्वृद्धि का मूल स्रोत समझना चाहिए। यहां पर **'पृथक्-पृथक्'** इन पदों के स्थान में **'जुअं-जुअ'** यह आदेश किया गया है। **संस्कृत-शब्दार्थ-कौस्तुभ** नामक कोष में अद्भुतसार शब्द के अद्भुत राल, सर्जरस यक्ष-धूप ये अर्थ लिखे हैं। प्रस्तुत में इस शब्द का "जिस का सार [शक्ति या परिणाम] अद्भुत हो, आश्चर्य जनक हो" यही अर्थ प्रतीत होता है। **१५—मूढ** (मूर्ख) शब्द के स्थान में किए गए **'नालिअ'** और **वढ** इन दो आदेशों के **उदाहरण** इस प्रकार हैं—

**यः पुनः मनस्येव व्याकुलीभूतः चिन्तयति ददाति न द्रम्मं न रूपकम्।**
**रति-वश-भ्रमण-शीलः कराग्रोल्लालितं गृहे एव कुन्तं गुणयति स मूढः॥१३॥**

**अर्थात्**—जो रुपया और द्रम्म [पैसा] दान तो नहीं करता है, किन्तु व्याकुल हो कर मन में ही चिन्तन करता रहता है, तथा जो रति [काम-क्रीडा, हर्ष, अनुराग] वश भ्रमणशील है, अर्थात् अमोद-प्रमोद के लिए सदा भ्रमण करता रहता है और घर में ही कुन्त [भाले] को हाथ में उछालता रहता है, वह पुरुष मूर्ख होता है। अथवा मूर्ख के चार लक्षण होते हैं। जैसे—१—जो हृदय में व्याकुलता रखकर सोचता रहता है। २—जो धन कमा कर मालिक को नहीं सौंपता है, स्वयं ही रख लेता है। ३—धनार्जन [धन कमाने] में अशक्त होने पर भी काम-वासना के अधीन हो इधर-उधर भ्रमण करता है। और ४—घर में ही भाले को उछाल-उछाल कर अपने को वीर समझता है। यहां पर **'मूढ'** शब्द के स्थान में **'नालिअ'** यह आदेश किया गया है। **'मूढ'** के स्थान में विहित **'वढ'** इस आदेश का **उदाहरण**-**दिवसैः अर्जितम् खाद मूढ!**=दिवेँहिँ विढत्तउँ खाहि वढ! [हे मूढ! दिनों से कमाए को खा, सेवन कर] यहां पर **मूढ** को **'वढ'** यह आदेश किया गया है। **१६—नव** के स्थान में कृत **'नवख'** इस आदेश का **उदाहरण—नवा काऽपि विषग्रन्थिः**=नवखी क वि विस-गण्ठि [यह कोई नई विष की गाँठ है] यहां पर **'नव'** को **'नवख'** यह आदेश किया गया है। **१७—अवस्कन्द** [आक्रमण, ऊपर से नीचे उतरने की क्रिया, छावनी] इस शब्द के स्थान में किए गए **'दडवड'** इस आदेश का **उदाहरण**—

**चलाभ्यां चलद्भ्भां लोचनाभ्यां ये त्वया दृष्टा बाले!।**
**तेषु मकरध्वजाऽवस्कन्दः पतति अपूरे काले॥१४॥**

**अर्थात्**—हे बाले! चञ्चल और वक्र नयनों द्वारा तू ने जिन्हें देख लिया है उन पर अपूर्णकाल में [समय से पहले ही] मकरध्वज [कामदेव] का अवस्कन्द [आक्रमण] हो जाता है। यहां पर **'अवस्कन्द'** के स्थान में **'दडवड'** यह आदेश किया गया है। **१८—यदि** [अगर] के स्थान में किए गए **छुडु** इस आदेश का **उदाहरण—यदि राजते व्यवसायः**=छुडु अग्घइ ववसाउ [अगर व्यवसाय-व्यापार सुन्दर चल रहा है] यहां पर **'यदि'** के स्थान में 'छुडु' यह आदेश किया गया है। **१९—सम्बन्धी** शब्द स्थान में किए गए **केर** और **तण** इन दो आदेशों के **उदाहरण**—

**गतः स केसरी, पिबत जलं, निश्चिन्तं हरिणाः!।**
**यस्य सम्बन्धिना हुंकारेण, मुखेभ्यः पतन्ति तृणानि॥१५॥**

**अर्थात्**—जिस की हुङ्कार [गरजना] के कारण मुख से तिनके गिर जाते हैं, वह केसरी-सिंह चला गया है। अतः हे हिरणो! अब तुम सब निश्चिन्त हो कर पानी पीओ। यहां पर **सम्बन्धी** के स्थान में '**केर**' यह आदेश किया गया है। **सम्बन्धी** के स्थान में किए गए '**तण**' आदेश का **उदाहरण—अथ भग्ना अस्माकं सम्बन्धिनः**=अह भग्गा अम्हहं तणा [अथवा हमारे सम्बन्धी जो मारे गए हैं] यहां पर '**सम्बन्धी**' के स्थान में '**तण**' यह आदेश किया गया है। २०—"**मा भैषीः** (तू मत डर)" इन पदों के स्थान में किए गए **मब्भीसा** इस स्त्रीलिङ्गीय आदेश का **उदाहरण**—

**स्वस्थाऽवस्थानामालपनं सर्वोऽपि लोकः करोति।**
**आर्तानां मा भैषीः यः सज्जनः स ददाति॥१६॥**

**अर्थात्**—स्वस्थ [रोग रहित] अवस्था वालों के साथ सभी लोग वार्तालाप करते हैं, परन्तु दुःखियों को "**भय मत कर**" ऐसा वही कहता है, जो सज्जन होता है। भाव यह है दुःखी और निर्धन व्यक्तियों को विशेषरूप से सम्मान देना चाहिए। यहां पर '**मा भैषीः**' इन पदों के स्थान में—'**मब्भीसा**' इस शब्द का आदेश किया गया है। २१—"**यद् यद् दृष्टं तद् तद्**" इन पदों के स्थान में किए गए '**जाइट्ठिआ**' इस आदेश का **उदाहरण** इस प्रकार है—

**यदि रज्यसे यद् यद् दृष्टं तस्मिन् तस्मिन् हृदय! मुग्धस्वभाव!।**
**लोहेन स्फुटित्वा यथा घनः सहिष्यते तापः॥१७॥**

**अर्थात्**—हे मुग्धस्वभाव [जिस का भोला स्वभाव हो] हृदय! यदि तू प्रत्येक दृष्ट पदार्थ में अनुराग करेगा तो घन [हथौडे] द्वारा तोडे जाने वाले लोहे के समान तुझे ताप [सन्ताप] कष्ट सहन करना पडेगा। यहां पर—"**यद् यद् दृष्टं तद् तद्**" इन पदों के स्थान में "**जाइट्ठिआ**" इस शब्द का आदेश किया गया है। श्लोक में पठित "**यद् यद् दृष्टं तस्मिन् तस्मिन्**" इन पदों में '**तस्मिन् तस्मिन्**' ये तद् शब्द के ही सप्तम्यन्त रूप दे रखे हैं।

**१०९४**—अपभ्रंश भाषा में **हुहुरु** आदि पद '**शब्द के अनुकरण**' इस अर्थ में तथा '**घुग्घ**' आदि शब्द **चेष्टा** के अनुकरण में यथासंख्य [क्रमशः] प्रयुक्त करने चाहिएं। जैसे—

**मया ज्ञातं मंक्ष्यामि अहं प्रेम-ह्रदे हुहुरु इति (शब्दं कृत्वा)।**
**केवलमचिन्तिता संपतिता विप्रय-नौः झटिति॥१॥**

**अर्थात्**—मैंने समझा था कि प्रेमह्रद [प्रेम के तालाब] में **हुहुरु** यह शब्द करके निमज्जित [जलमग्न] हो जाऊंगा, किन्तु अकस्मात् और शीघ्र ही विप्रिय-नावा [वियोग की नौका] सम्प्राप्त हो गई। अर्थात् शीघ्र ही परस्पर वियोग हो गया। यहां पर शब्द के अनुकरण में '**हुहुरु**' यह प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत सूत्र में पठित आदि शब्द के ग्रहण से शब्दानुकरण में प्रयुक्त किए जाने वाले **कसरक्क** आदि अन्य शब्दों का भी आश्रयण किया जा सकता है। जैसे—

**खाद्यते न तु 'कसरक्क' (इति शब्दं कृत्वा), पीयते न तु घुण्ट (इति शब्दं कृत्वा)।**
**एवमेव भवति सुखाशा प्रियेण दृष्टेन नयनाभ्याम्॥२॥**

**अर्थात्**—अपने प्रिय नायक को निहारने से विह्वल हुई किसी नायिका के भावावेश का वर्णन करता हुआ कवि कहता है कि नयनों से प्रिय को देख लेने पर नायिका के हृदय में सुख की आशा इतनी अधिक अँगडाइयाँ लेने लगी कि वह अन्य सब कुछ भूल बैठी। अधिक क्या, भोजन को चबाते समय **कसरक्क** यह जो स्वाभाविक ध्वनि होती है, वह ध्वनि भी निकलनी बन्द हो गई, तथा जलपान

करते समय घूँट भरने की जो घुण्ट यह आवाज़ आया करती है, वह भी समाप्त हो गई।

**अद्याऽपि नाथः ममैव गृहे सिद्धार्थान् वन्दते।**
**तावदेव विरहः गवाक्षेषु मर्कटचेष्टां ददाति ॥३॥**

**अर्थात्**—अभी तो मेरा नाथ घर में ही सिद्धार्थ (देवविशेष) को वन्दन कर रहा है, तथापि विरह-वियोग गवाक्ष (झरोखे) में मर्कट-चेष्टा (वानर का हावभाव) कर रहा है। अर्थात्—पतिदेव के विदेश जाने से पूर्व ही उनका विरह मुझे परिपीडित बना रहा है। यहाँ पर **चेष्टा के अनुकरण में घुग्घ** शब्द का प्रयोग किया गया है। सूत्र में पठित आदि शब्द से चेष्टा के अनुकरण में अन्य शब्दों का भी ग्रहण किया जाता है। जैसे—

**शिरसि जरा-खण्डा लोमपुटी गले मणिका न विंशतिः।**
**ततोऽपि गोष्ठाः कारिताः, मुग्धया उत्थानोपवेशनम् ॥४॥**

**अर्थात्**—उस मुग्धा-सुन्दरी के सिर पर जरा-खडित (बहुत पुरानी, फटी हुई), लोमपुटी (लोई) है और गले में बीस मनके भी नहीं हैं। अर्थात्—उस ने कोई हार भी नहीं पहन रखा है, तथा प अपने स्वाभाविक सौन्दर्य के कारण वह गोष्ठ (गोशाला) में स्थित व्यक्तियों को उत्थानोपवेशन (उठना, बैठना) करवा रही है, उन्हें नचवा रही हैं। यहां पर **उठने बैठने की चेष्टा के अनुकरण में 'उट्ठबईस'** इस शब्द का प्रयोग किया गया है।

## ★ अथ निपात-शब्द-विधिः ★

**१०९५—घइमादयोऽनर्थकाः। ८। ४। ४२४।** अपभ्रंशे घइमित्यादयो निपाताः अनर्थकाः प्रयुज्यन्ते।

**अम्मडि ! पच्छायावडा पिउ कलहिअउ विआलि।**
**घइं विवरीरी बुद्धडी होइ विणासहो कालि ॥१॥**

आदिग्रहणात् खाइं इत्यादयः।

**१०९६—तादर्थ्ये केहिं-तेहिं-रेसि-रेसिं-तणेणाः। ८। ४। ४२५।** अपभ्रंशे तादर्थ्ये द्योत्ये केहिं, तेहिं, रेसि, रेसिं, तणेण इत्येते पंच निपाताः प्रयोक्तव्याः।

**ढोल्ला ! एह परिहासडी अइ ! भण कवणहिं देसि ?।**
**हउं झिज्जउं तउ केहिं पिअ ! तुहुं पुणु अन्नहि रेसि ॥१॥**

एवं तेहिं-रेसिमावुदाहार्यौ। वड्डत्तणहो तणेण (३६६,४)।

## ★ अथ निपातशब्द—विधिः ★

निपात-शब्दस्य यदर्थसम्बन्धि-चिन्तनमपेक्षितं वर्तते तत् ९२९ सूत्रे विहितमस्ति। अपभ्रंश-भाषायां निपात-शब्दानां यत्स्वरूपं स्वीक्रियते तन्निरूप्यते।

**१०९५—घइमित्यादयः।** घइं, खाइं इत्यादयोऽनर्थकाः, न विद्यतेऽर्थो यस्य, सोऽनर्थकः, तदेवाऽनर्थकः, ते निपात-शब्दाः अपभ्रंशभाषायां प्रयुज्यन्ते। यथा ४८८ सूत्रेण पादपूर्तौ इ, जे, रा इत्यादयः अव्यय-शब्दाः प्रयुज्यन्ते, एवमेवाऽपभ्रंश-भाषायामपि प्रस्तुतेन [१०९५] सूत्रेण घइं इत्यादयोऽर्थशून्याः

विविधाः शब्दाः प्रयुज्यन्ते। यथा—

**अम्ब ! पश्चात्तापः प्रियः कलहायितः विकाले।**
**[घइं] विपरीता बुद्धिः भवति विनाशस्य काले ॥१॥**

**भावार्थः**—विवादाऽनन्तरं काचिद् मुग्धा दुःखानुभूतिं व्यञ्जयति। हे **अम्ब! अद्य विकाले,** विगतः कालः, तस्मिन्-असमये **प्रियः** कान्तः **कलहायितः**—क्लेशं प्रापितः, तेन सह कलहो जातः। इति महान् मे **पश्चात्तापः**-दुःखं वर्तते। सत्युमुक्तम्—**विनाशस्य काले बुद्धिः विपरीता**-प्रतिकूला, लाभालाभ-ज्ञान-विकला भवतीति भावः। **घइं** अयं शब्दोऽत्र निरर्थको बोध्यः।

**अम्ब !**। अम्बा+सि। ३५० सू० बकारस्य लोपे, ३६० सू० मकारस्य द्वित्वे, ११०० सू० डड-(अड)-प्रत्यये,डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे,अज्झीने परेण संयोज्ये,११०२ सू० डी-(ई)-प्रत्यये,डिति परेऽन्त्य-स्वरादेर्लोपे, अज्झीने परेण संयोज्ये, १००१ सू० ईकारस्य इकारे, १०१५ सू० सेर्लोपे **अम्मडि** ! इति भवति। **पश्चात्तापः**। पश्चात्ताप+सि। इत्यत्र २९२ सू० श्चस्य छकारे, ३६० सू० छकारद्वित्वे, ३६१ सू० पूर्वछकारस्य चकारे,३४८ सू० संयुक्त-तकारलोपे,१७७ सू० तकारलोपे,१८० सू० यकारश्रुतौ,२३१ सू० पकारस्य वकारे, ११०० सू० डड-(अड)-प्रत्यये, डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे, अज्झीने परेण संयोज्ये, १००१ सू० अकारस्य आकारे, १०१५ सू० सेर्लोपे **पच्छायावडा** इति भवति। **प्रियः**=पिउ, प्रक्रिया १०१४ सूत्रस्य द्वितीयश्लोके ज्ञेया। **कलहायितः**। कलहायित+सि। १००० सू० आकारस्य इकारे, इ-कारस्य च अकारे,१७७ सू० यकारस्य तकारस्य च लोपे,१००२ सू० अन्त्यस्य अकारस्य उकारे,१०१५ सू० सेर्लोपे **कलहिअउ** इति भवति। **विकाले**। विकाल+ङि। १७७ सू० ककारलोपे, १००५ सू० ङिना अकारस्य इकारे **विआलि** इति भवति। **विआलि** इत्यस्यानन्तरं पादपूर्त्यर्थकः **घइ** इत्यनर्थकः शब्दः प्रयु-ज्यते। **विपरीता**। विपरीता+सि। अपभ्रंशे विपरीताऽर्थे १०९३ सू० विवरीरी-शब्दः प्रयुज्यते,१०१५ सू० सेर्लोपे **विवरीरी** इति भवति। **बुद्धिः**। **बुद्धि**+सि। ११०० सू० डड-(अड)-प्रत्यये, डिति परेऽन्त्य-स्वरादेर्लोपे, अज्झीने परेण संयोज्ये,११०२ सू० डी-(ई)-प्रत्यये,डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे,अज्झीने परेण संयोज्ये, १०१५ सू० सेर्लोपे **बुद्धडी** इति भवति। **भवति**=होइ, प्रक्रिया ७३१ सूत्रे ज्ञेया। **विनाशस्य**। विनाश+ङस्। २२८ सू० नकारस्य णकारे, २६० सूत्रेण शकारस्य सकारे, १००९ सू० ङसः स्थाने हो इत्यादेशे, १०८१ सू० उच्चारणलाघवे **विणासहो॑** इति भवति। **काले**। काल+ङि। १००५ सू० ङिना सह अकारस्य इकारे **कालि** इति भवति। **घइं** इत्यत्र प्रस्तुतसूत्रस्य प्रवृत्तिर्जाता। **आदिग्रहणात्**। १०९५ सूत्रे आदिपदस्य ग्रहणात् **खाइं** इत्यादीनामप्यनर्थकपदानां ग्रहणं करणीयमिति भावः।

**१०९६—तादर्थ्ये द्योत्ये**। तस्मै इदं तदर्थम्,तस्य भावः,तादर्थ्यम्,तस्मिन् द्योत्ये-प्रकटिते इत्यर्थः।

**नायक ! एषः परिहासः, अयि ! भण कस्मिन् देशे ?।**
**अहं क्षीये तव कृते, प्रिय ! त्वं पुनरन्यस्याः कृते ॥१॥**

**भावार्थः**—अन्याऽऽसक्तं नायकं प्रति नायिकोपालम्भमुखेन प्रतिवक्ति-**अयि नायक ! एषः परि-हासः**-उपहासः, **कस्मिन् देशे** वर्तते ? अथवा **अयि नायक** ! **एषा परिभाषा**-रीतिः **कस्मिन् देशे** वर्तते ? इति **भण**-कथय। हे **प्रिय ! तव कृतेऽहं** क्षीये—क्षीणा भवामि। **त्वं पुनः अन्यस्याः** कस्याश्चिदन्यायाः प्रेमिकायाः **कृते** क्षीणो भवसि। नोचितमिदमिति भावः।

**नायक !**। नायक+सि। अपभ्रंशे नायकार्थे ढोल्ल-शब्दः प्रयुज्यते, १००१ सू० अकारस्य आ-कारे, १०१५ सू० सेर्लोपे **ढोल्ला** ! इति भवति। **एषः**। एतद्+सि। विशेषणविशेष्ययोः समानलिङ्ग-

त्वादत्र परिहासडीशब्दस्य विशेषणत्वात् एतद्-शब्दः स्त्रीलिङ्ग एव ग्राह्यस्तेन, १०३३ सू० एतदः स्थाने एह इत्यादेशे, १०१५ सू० सेर्लोपे **एह** इति भवति । **परिहासः** । परिहास+सि । इत्यत्र ११०० सू० डड-(अड)-प्रत्यये, डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे,अज्झीने परेण संयोज्ये, १११६ सू० स्त्रीत्वे,११०२ सू० डी-(ई)-प्रत्यये, डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे, अज्झीने परेण संयोज्ये, १०१५ सू० सेर्लोपे **परिहासडी** इति भवति । **परिभाषा** इतिच्छायायान्तु १८७ सू० भकारस्य हकारे, २६० सू० षकारस्य सकारे,११०० सू० डड-(अड)-प्रत्यये, पूर्ववदेव **परिहासडी** इति भवति । **अपि** । अव्ययपदमिदम् । १७७ सू० यकारलोपे **अइ** इति भवति । भण-[भण्]-धातुः भणने । भण्+हि । ९१० सू० अकारागमे, ६६२ सू० हि इत्यस्य सु इत्यादेशे, ६६४ सू० सोर्लुकि **भण** इति भवति । **कस्मिन्** । किम्+ङि । इत्यत्र १०३८ सू० किमः स्थाने कवण इत्यादेशे, १०२८ सू० ङि इत्यस्य हिं इत्यादेशे, १०८१ सू० उच्चारण-लाघवे **कवणहिँ** इति भवति । **देशे** । देश+ङि । २६० सू० शकारस्य सकारे,१००५ सू० ङिना सह अकारस्य इकारे **देसि** इति भवति । **अहम्**=हउँ, इत्यस्य पदस्य प्रक्रिया १००९ सूत्रे ज्ञेया । **क्षीये** । क्षि-धातुः क्षये । क्षि+मिव् । २७४ सू० क्षस्य स्थाने झकारे, ६६७ सू० प्रकृति-प्रत्यययोर्मध्ये ज्ज इत्यस्य प्रयोगे, १०५६ सू० मिवः स्थाने उं इत्यादेशे, १०८२ सू० उच्चारणलाघवे **झिज्जउँ** इति भवति । बाहुल्येनाऽत्र ११ सू० स्वरस्य लोपाभावः । **तव**=तउ,प्रक्रिया १०४३ सूत्रे ज्ञेया । **कृते** । अव्ययपदमिदमस्ति,तादर्थ्यद्योतकञ्च । इत्यत्र १०९६ सू० तादर्थ्ये द्योत्ये कृते इत्यस्य पदस्य स्थाने **केहिं** इत्यस्य प्रयोगे, १०८२ सू० उच्चारणलाघवे **केहिँ** इति भवति । **प्रियः** । प्रिय+सि । १०६९ सू० रेफस्य लोपे, १७७ सू० यकारस्य लोपे, १०१५ सू० सेर्लोपे **पिअ** इति रूपं भवति । **त्वम्**=तुहुँ, इत्यस्य प्रक्रिया १०३९ सूत्रे ज्ञेया । **पुनः** पुणु, इत्यस्य प्रक्रिया १०१४ सूत्रस्य प्रथमश्लोके ज्ञेया । **अन्यस्याः** । अन्यद्+ङस् । ३४९ सू० यकारलोपे, ३६० सू० नकारद्वित्वे, ११ सू० दकारलोपे, स्त्रीत्वादाप्-(आ)-प्रत्यये, ५ सू० दीर्घ-सन्धौ, १०९१ सू० ङसः स्थाने हे इत्यादेशे, १००० सू० आकारस्य अकारे, एकारस्य च इकारे **अन्नहि** इति भवति । **कृते** । अव्ययपदमिदं तादर्थ्यद्योतकम्, अतएव प्रस्तुतसूत्रेण इत्यस्य पदस्य स्थाने **रेसि** इत्यस्य निपातस्य प्रयोगे **रेसि** इति भवति । **कृते**=केहिँ, **कृते**=रेसि इत्यत्र प्रस्तुतसूत्रस्य प्रवृत्तिर्जाता । एवं **तेहिं रेसिमिति** । एवमेव **तेहिं, रेसि** इत्यनयोः निपातयोरपि उदाहरणानि कल्पनीयानीति भावः । **तणेण** इत्यस्य निपातस्योदाहरणं प्रदीयते—**बृहत्त्वस्य कृते**=**बड्डत्तणहो** तणेण, एषां पदानां प्रक्रिया १०३७ सूत्रे ज्ञेया । **कृते**= तणेण इत्यत्र प्रस्तुतसूत्रस्य प्रवृत्तिर्जाता ।

## ★ अथ निपातसम्बन्धी विधि ★

निपातशब्द की अर्थ-विचारणा ९२९ वें सूत्र मे की जा चुकी है। अपभ्रंशभाषा में निपातों को लेकर जो विधि-विधान होता है, अब सूत्रकार उसका निरूपण कर रहे हैं—

**१०९५**—अपभ्रंश-भाषा में अनर्थक [अर्थहीन] **घइं** आदि निपातों का प्रयोग किया जाता है। जैसे— **अम्ब ! पश्चात्तापः, प्रियः कलहायितः विकाले ।**

**[घइं] विपरीता बुद्धिः भवति, विनाशस्य काले ॥१॥**

**अर्थात्**—हे अम्ब ! [हे मातः !] मुझे पश्चात्ताप है, हार्दिक दुःख है कि मैंने विकाल-सन्ध्या-काल के समय प्रीतम से कलह कर लिया। यह सत्य ही है कि विनाश-काल में बुद्धि विपरीत हो जाती है। यहां पर—**विपरीता**=विवरीरी (उलटी) इस शब्द से पूर्व **घइं** इस अर्थहीन निपात का प्रयोग किया गया है। **अर्थात्—घइं** इस पद का अपना कोई अर्थ नहीं है, तथापि इसका प्रयोग कर लिया

जाता है। सूत्र में पठित आदि पद के ग्रहण से खाइं आदि निरर्थक निपातों का भी प्रयोग किया जाता है।

१०९६—अपभ्रंश-भाषा में यदि तादर्थ्य (उसके लिए) अर्थ द्योत्य (व्यक्त) हो तो १—केहिं, २—तेहिं, ३—रेसि, ४—रेसिं, और ५—तणेण इन पांच निपातों का प्रयोग किया जाता है। जैसे—

**नायक ! एषः परिहासः, अयि ! भण कस्मिन् देशे ?।**
**अहं क्षीये तव कृते प्रिय !, त्वं पुनः अन्यस्याः कृते ॥१॥**

**अर्थात्**—हे नायक ! मुझे बतला, यह परिहास [मज़ाक] किस देश में होता है ? प्रिय ! मैं तो तेरे लिए क्षीण हो रही हूं और तू किसी दूसरी प्रेमिका के लिए मर रहा है। यहां पर पठित **तव कृते**= तउ केहिं, इन पदों में '**कृते**' यह पद तादर्थ्य का द्योतक है, अतः इसके स्थान पर '**केहिं**' इस निपात का प्रयोग किया गया है। वृत्तिकार फरमाते हैं कि इसी प्रकार '**तेहिं**' और '**रेसि**' इन दोनों निपातों के उदाहरण भी जान लेने चाहिएं। '**तणेण**' इस निपात का उदाहरण इस प्रकार है—**बृहत्त्वस्य कृते**= वड्डत्तणहों तणेण [महत्त्व के लिए] यहां पर पठित '**कृते**' यह पद तादर्थ्य का द्योतक है, अतः इस के स्थान में भी '**तणेण**' इस निपात का प्रयोग कर दिया गया है।

## ★ अथ प्रत्यय-विधिः ★

१०९७—**पुनर्विनः स्वार्थे डुः** । ८ । ४ । ४२६ । अपभ्रंशे पुनर्विना इत्येताभ्यां परः स्वार्थे डु प्रत्ययो भवति।

**सुमरिज्जइ तं वल्लहउं, जं वीसरइ मणाउं ।**
**जहिं पुणु सुमरणु जाउं, गउ तहों नेहहों कइं नाउं ?॥१॥**

**विणु जुज्झें न वलाहुं** (३८६,४)।

१०९८—**अवश्यमो डें-डौ** । ८ । ४ । ४२७ । अपभ्रंशेऽवश्यमः [स्थाने] स्वार्थे **डें**, **ड** इत्येतौ प्रत्ययौ भवतः ।

**जिब्भिन्दिउ नायगु वसि करहु जसु अधिन्नइं अन्नइं ।**
**मूलि विणट्ठइ तुंबिणिहे अवसें *सुक्कइं पण्णइं ॥१॥**

**अवस न सुअहिं सुहच्छिअहिं** [३७६.४]।

१०९९—**एकशसो डिः** । ८ । ४ । ४२८ । अपभ्रंशे एकशश्शब्दात्स्वार्थे डिर्भवति।

**एक्कसि सील-कलंकिअहं, देज्जहिं पच्छित्ताइं ।**
**जो पुणु खण्डइ अणुदिअहु, तसु पच्छित्तें काइं ?॥१॥**

११००—**अ-डड-डुल्लाः स्वार्थिक-क-लुक् च** । ८ । ४ । ४२९ । अपभ्रंशे नाम्नः परतः स्वार्थे अ, डड, डुल्ल इत्येते त्रयः प्रत्यया भवन्ति, तत्संनियोगे स्वार्थे क-प्रत्ययस्य लोपश्च ।

**विरहाणल-जाल-करालिअउ पहिउ पन्थि जं दिट्ठउ ।**
**तं मेलवि सव्वहिं पन्थिअहिं सो जि किअउ अग्गिट्ठउ ॥१॥**

*सुक्कहिं इत्यपि पाठान्तरं समुपलभ्यते ।

**डड । महु कन्तहों बे दोसडा ।** [३७९.४] **डुल्ल । एक्क कुडुल्ली पञ्चहिँ रुद्धी** [४२२.४] ।

११०१—**योगजाश्चैषाम्** । ८ । ४ । ४३० । अपभ्रंशे अ-डड-डुल्लानां योगभेदेभ्यो ये जायन्ते डडअ इत्यादयः प्रत्ययास्तेऽपि स्वार्थे प्रायो भवन्ति । डडअ । **फोडेन्ति जे हिअडउं अप्पणउं** [३५०.४] अत्र किसलय० [१.२६९] इत्यादिना य-लुक् । डुल्लअ । **चूडुल्लउ चुन्नीहोइ सइ** [३९५.४] डुल्लडड—

**सामि-पसाउ सलज्जु पिउ, सीमा संधिहिँ वासु ।**
**पेक्खिवि बाहु-बलुल्लडा, धण मेल्लइ नीसासु ।।१।।**

अत्राऽमि "स्याऽऽदौ दोर्घह्रस्वौ" [३३०,४] इति दीर्घः । एवं **बाहु-बलुल्लडउ** । अत्र त्रयाणां योगः ।

११०२—**स्त्रियां तदन्ताड्डीः** । ८ । ४ । ४३१ । अपभ्रंशे स्त्रियां वर्तमानेभ्यः प्राक्तन-सूत्रद्वयोक्त-प्रत्ययान्तेभ्यो डी-प्रत्ययो भवति ।

**पहिआ ! दिट्ठी गोरडी ?, दिट्ठी मग्गु निअन्त ।**
**अंसूसासेँहिँ कञ्चुआ तितुव्वाण करन्त ।।१।।**

**एक्क कुडुल्ली पञ्चहिँ रुद्धी** [४२२.४] ।

११०३—**आन्तान्ताड्डाः** । ८ । ४ । ४३२ । अपभ्रंशे स्त्रियां वर्तमानादप्रत्ययान्त-प्रत्ययान्तात् डा-प्रत्ययो भवति । ड्यपवादः ।

**पिउ आइउ सुअ वत्तडी झुणि कण्णडइ पइट्ठ ।**
**तहों विरहहों नासन्तअहों धूलडिआ वि न दिट्ठ ।।१।।**

११०४—**अस्येदे** । ८ । ४ । ४३३ । अपभ्रंशे स्त्रियां वर्तमानस्य नाम्नो योऽकारस्तस्य आकारे प्रत्यये परे इकारो भवति । **धूलडिआ वि न दिट्ठ** । [४३२.४] स्त्रियामित्येव । **झुणि कण्णडइ पइट्ठ** [४३२.४] ।

११०५—**युष्मदादेरीयस्य डारः** । ८ । ४ । ४३४ । अपभ्रंशे युष्मदादिभ्यः परस्य ईय-प्रत्ययस्य डार इत्यादेशो भवति ।

**संदेसें काइँ तुहारेण, जं सङ्गहों न मिलिज्जइ ।**
**सुइणन्तरि पिएं पाणिएण पिअ ! पिआस किं छिज्जइ ?।।१।।**

**दिक्खि अम्हारा कन्तु** [३४५.४], **बहिणि ! महारा कन्तु** । [३५१.४] ।

११०६—**अतोर्डेत्तुलः** । ८ । ४ । ४३५ । अपभ्रंशे इदं-कियत्तदेतद्भ्यः परस्य अतोः प्रत्ययस्य डेत्तुल इत्यादेशो भवति । एत्तुलो । केत्तुलो । जेत्तुलो । तेत्तुलो । एत्तुलो ।

११०७—त्रस्य डेत्तहे ।८।४।४३६। अपभ्रंशे सर्वादेः सप्तम्यन्तात्परस्य त्र-प्रत्ययस्य डेत्तहे [एत्तहे] इत्यादेशो भवति ।

एत्तहें तेत्तहें वारि घरि लच्छि विसण्ठुल धाइ ।
पिअ-पब्भट्ठ व गोरडी निच्चल कहिँ वि न ठाइ ॥१॥

११०८—त्व-तलोः प्पणः । ८ ।४। ४३७ । अपभ्रंशे त्व-तलोः प्रत्यययोः प्पण इत्यादेशो भवति । वड्डप्पणु परिपाविअइ । [३६६.४] । प्रायोऽधिकारात् । वड्डत्तणहों तणेण । [३६६.४] ।

११०९—तव्यस्य इएव्वउं एव्वउं एवा । ८ । ४ । ४३८ । अपभ्रंशे तव्य-प्रत्ययस्य इएव्वउं, एव्वउं, एवा इत्येते त्रय आदेशा भवन्ति ।

एउ गृण्हेप्पिणु ध्रुं मइं जइ प्रिउ उव्वारिज्जइ ।
महु करिएव्वउँ किं पि ण वि मरिएव्वउँ पर देज्जइ ॥१॥
देसुच्चाडणु सिहि-कढणु घण-कुट्टणु जं लोइ ।
मंजिट्ठए अइरत्तिए सव्वु सहेव्वउँ होइ ॥२॥
सोएवा पर वारिआ पुप्फवईहिँ समाणु ।
जग्गेवा पुणु को धरइ ?, जइ सो वेउ पमाणु ।३॥

१११०—क्त्व इ-इउ-इवि-अवयः । ८ । ४ । ४३९ । अपभ्रंशे क्त्वा-प्रत्ययस्य इ, इउ, इवि, अवि इत्येते चत्वार आदेशा भवन्ति । इ—

हिअडा ! जइ वेरिअ घणा, तो किं अब्भि चडाहुं ।
अम्हाहिं बे हत्थडा जइ पुणु मारि मराहुं ॥१॥

इउ—गय-घड भज्जिउ जन्ति [३९५.४] इवि ।

रक्खइ सा विस-हारिणी बे कर चुम्बिवि जीउ ।
पडिबिम्बिअ-मुंजालु जलु जेहिँ अडोहिउ पीउ ॥२॥

अवि । बाह विछोडवि जाहि तुहुँ हउ तेवँ इ को दोसु ? ।
हिअय-ट्ठिउ जइ नीसरहि जाणउँ मुञ्ज ! सरोसु ॥३॥

११११—एप्प्येप्पिण्वेव्येविणवः । ८ । ४ । ४४० । अपभ्रंशे क्त्वाप्रत्ययस्य एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु इत्येते चत्वार आदेशा भवन्ति ।

जेप्पि असेसु कसाय-बलु देप्पिणु अभउ जयस्सु ।
लेवि महव्वय सिवु लहहिं झाएविणु तत्तस्सु ॥१॥ पृथग्योग उत्तरार्थः ।

**११११२—तुम एवमणाणहमणहिं च । ८ । ४ । ४४१ ।** अपभ्रंशे तुमः प्रत्ययस्य एवं, अण, अणहं, अणहिं इत्येते चत्वारः, चकारात् एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु इत्येते, एवं चाऽष्टावादेशा भवन्ति ।

**देवं दुक्करु निअय-धणु करण न तउ पडिहाइ ।**
**एम्वइ सुहु भुञ्जणहँ मणु पर भुञ्जणहिँ न जाइ ॥१॥**
**जेप्पि चएप्पिणु सयल धर लेविणु तवु पालेवि ।**
**विणु सन्तें तित्थेसरेण को सक्कइ भुवणे वि ?॥२॥**

**१११३—गमेरेप्पिण्वेप्प्योरेर्लुग् वा । ८ । ४ । ४४२ ।** अपभ्रंशे गमेर्धातोः परयोरेप्पिणु, एप्पि इत्यादेशयोरेकारस्य लुग् वा भवति ।

**गम्प्पिणु वाणारसिहिँ नर, अह उज्जेणिहिँ गम्प्पि ।**
**मुआ परावहिँ परम-पउ दिव्वन्तरइँ म जम्पि ॥१॥**
पक्षे— **गङ्ग गमेप्पिणु जो मुअइ जो सिव-तित्थ गमेप्पि ।**
**कीलदि तिदसावास-गउ सो जम-लोउ जिणेप्पि ॥२॥**

**१११४—तृनोऽणअः ।८।४।४४३।** अपभ्रंशे तृनः प्रत्ययस्य अणअ इत्यादेशो भवति ।

**"हत्थि मारणउ । लोउ बोल्लणउ, पडहु वज्जणउ, सुणउ भसणउ ।"**

## ★ अथ प्रत्ययानां विधिः ★

कस्यचिद् धातोः, अथवा कस्यचित् प्रातिपदिकशब्दस्याऽन्ते यत् किमप्यक्षरमथवा कश्चित् शब्दः प्रयुज्यते तत् प्रत्यय-शब्देनाऽभिधीयते । अपभ्रंश-भाषायां प्रत्ययानां यद् विधि-विधानं समुपलभ्यते, आचार्य-देवैः श्री-हेमचन्द्रैः तन्निरूप्यते—

१०९७— **स्मर्यते तद्-वल्लभकं, यद् विस्मर्यते मनाक् ।**
**यस्मिन् पुनः स्मरणं जातं, गतं तस्य स्नेहस्य किं नाम ? ॥१॥**

**भावार्थः**—सामान्यतः प्रेमविषयकं कथनमिदम्—**तद् वल्लभकं**—प्रियं वस्तु भवतीति यावत्, यत् **स्मर्यते**, स्मृतिपथे आनीयते । यद् वस्तु **मनाक् ईषद्**, प्रेमशून्यं भवति, तद् **विस्मर्यते**-स्मृतिपथात् भ्रश्यते । तस्य वस्तुन एव स्मरणं क्रियते, येन सह स्नेहसम्बन्धो भवतीति शेषः । **यस्मिन्** वस्तुनि **पुनः स्मरणं जातम्**, यस्य विस्मृतस्य पुनः स्मरणं क्रियते, तत्-तत्सम्बन्धि प्रेम **गतम्**-विनष्टम्, तादृशस्य विस्मरणशीलस्य प्रेम-वस्तुनः न किमपि महत्त्वम् । **तस्य स्नेहस्य किं** महत्त्वं यस्य विस्मरणमपि जायते, यस्य कदाचिदपि विस्मरणं नैव भवेत्तदेव प्रेम वास्तविकं ज्ञेयमिति भावः ।

**स्मर्यते** । स्मृ-धातुः चिन्तायाम् । स्मृ+क्य+ते । ७४५ सू० स्मृधातोः स्थाने सुमर इत्यादेशे, ६४९ सू० क्यस्य स्थाने इज्ज इत्यादेशे, १० सू० स्वरस्य लोपे, अज्झीने परेण संयोज्ये, ६२८ सू० ते इत्यस्य इचादेशे **सुमरिज्जइ** इति भवति । **तद्** । तद्+सि=तं, प्रक्रिया १०२१ सूत्रस्य प्रथमश्लोके ज्ञेया । **वल्ल-**

**भकम्** । वल्लभक+सि । १८७ सू० भकारस्य हकारे,१७७ सू० ककारलोपे,१०२५ सू० अकारस्य स्थाने उं इत्यादेशे, १०८२ सू० उच्चारणलाघवे, १०१५ सू० सेर्लोपे **वल्लहउँ** इति भवति । **यद्**=जं, प्रक्रिया १०९१ सूत्रस्य द्वितीयश्लोके ज्ञेया । **विस्मर्यते** । विपूर्वकः स्मृधातुः विस्मरणे । विस्मृ+क्य+ते । ७४६ सू० विस्मृधातोः वीसर इत्यादेशे,६४९ सूत्रे बहुलाधिकारात् क्यस्य अभावे,६२८ सू० ते इत्यस्य इचादेशे **वीसरइ** इति भवति । **मनाक्**=मणाउं, प्रक्रिया १०८९ सूत्रस्य षष्ठे श्लोके ज्ञेया । १०८२ सू० उच्चारणलाघवे **मणाउँ** इति भवति । **यस्मिन्**=जहिँ,प्रक्रिया १०५७ सूत्रे ज्ञेया । **पुनः** । अव्ययपदमिदम् । २२८ सू० नकारस्य णकारे,प्रस्तुतेन [ १०९७ ] सूत्रेण स्वाऽर्थे डु-[उ]-प्रत्यये, डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे,अज्झीने परेण संयोज्ये **पुणु** इति भवति । **स्मरणम्** । स्मृधातुः चिन्तायाम् । स्मृ+ल्युट्=अन । ७४५ सू० स्मृधातोः स्थाने सुमर इत्यादेशे,१० सू० स्वरस्य लोपे, अज्झीने परेण संयोज्ये,२२८ सू० नकारस्य णकारे, सिप्रत्यये,१००२ सू० अकारस्य उकारे, १०१५ सू० सेर्लोपे **सुमरणु** इति भवति । **जातम्** । जात+सि । १७७ सू० तकारलोपे, १००२ सू० अकारस्य उकारे, ५१४ सू० सेर्मकारे, २३ सू० मकाराऽनुस्वारे **जाउं** इति भवति । **गतम्** । गत+सि । इत्यत्र १७७ सू० तकारलोपे,अकारस्य उकारे, सेर्लोपे **गउ** इति भवति । **तस्य** । तद्+ङस् । ११ सू० दकारलोपे, १००९ सू० ङसः स्थाने हो इत्यादेशे, १०८१ सू० उच्चारणलाघवे **तहोँ** इति भवति । **स्नेहस्य** । स्नेह+ङस् । ३४८ सू० सकारलोपे तहोँ-वदेव **नेहहोँ** इति भवति । **किम्** । अव्ययपदमिदम् । १०३८ सू० किमः स्थाने काइँ इत्यादेशे, १००० सू० आकारस्य अकारे **कइँ** इति भवति । **नाम** । अव्ययपदमिदम् । अपभ्रंशे १०९३ सू० नामार्थे नाउं इत्यव्ययस्य प्रयोगे, १०८२ सू० उच्चारणलाघवे **नाउँ** इति भवति । **पुनर्**=पुणु इत्यत्र प्रस्तुतसूत्रस्य प्रवृत्तिर्जाता । **विना** इत्यस्य पदस्योदाहरणं प्रदीयते । यथा—**विना युद्धेन न वलामहे**=विणु जुज्झें न वलाहुं, प्रक्रिया १०५७ सूत्रे ज्ञेया । **विना**=विणु इत्यत्र प्रस्तुतसूत्रस्य प्रवृत्तिर्जाता । साधना त्वित्थम्—**विना** । अव्ययपदमिदम् । २२८ सू० नकारस्य स्थाने णकारे, प्रस्तुतेन [ १०९७ ] सूत्रेण डु-(उ)-प्रत्यये, डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे, अज्झीने परेण संयोज्ये **विणु** इति भवति ।

**१०९८— जिह्वेन्द्रियं नायकं वशे, कुरुत यस्याऽधीनान्यन्यानि ।**
**मूले विनष्टे तुम्बिन्याः, अवश्यं शुष्काणि पर्णानि ॥१॥**

**भावार्थः**—अयि मानवाः ! यूयं **नायकं**-प्रधानं **जिह्वेन्द्रियं** जिह्वा च तदिन्द्रियं-जिह्वेन्द्रियम्-रसनेन्द्रियं **वशे कुरुत**,यस्य जिह्वेन्द्रियं वशीकृतं भवति **तस्याऽन्यानीन्द्रियाणि अधीनानि** भवन्ति । दृष्टान्तयति-यथा **तुम्बिन्याः**, तुम्बिनीति वृक्षविशेषस्य संज्ञा, तस्याः **मूले विनष्टे** सति **पर्णानि**-पत्राणि **अवश्यमेव शुष्यन्ति** शुष्काणि भवन्ति, एवमेव यस्य पुरुषस्य एकं जिह्वेन्द्रियं स्वाऽधीनं वर्तते, तस्य अन्यानि घ्राणादीनि सर्वाण्यपीन्द्रियाणि वशे सञ्जायन्ते । नाऽत्र सन्देहः कर्तव्यः ।

**जिह्वेन्द्रियम्** । जिह्वेन्द्रिय+अम् । ३२८ सू० ह्वस्य स्थाने भकारे, ३६० सू० भकारस्य द्वित्वे, ३६१ सू० पूर्वभकारस्य बकारे, ८४ सू० संयोगे परे ह्रस्वे, १०६९ सू० रेफलोपे, १७७ सू० यकारलोपे, १००२ सू० अकारस्य स्थाने उकारे,१०१५ सू० अमो लोपे **जिब्भिन्दिउ** इति भवति । **नायकम्** । नायक+अम् । १०६७ सू० ककारस्य गकारे, पूर्ववदेव अकारस्य उकारे,अमो लोपे **नायगु** इति भवति । **वशे** । वश+ङि । २६० सू० शकारस्य सकारे,१००५ सू० ङिना सह अकारस्य इकारे **वसि** इति भवति । **कुरुत** । डुकृञ्-(कृ)-करणे । कृ+त । ९०५ सू० ऋकारस्य अर इत्यादेशे,१०५५ सू० त इत्यस्य स्थाने हु इत्यादेशे **करहु** इति भवति । **यस्य**=जसु, प्रक्रिया १०४१ सूत्रस्य चतुर्थश्लोके ज्ञेया । **अधीनानि** । अधीन+जस् ।

